# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## जहां हुई नक्सलियों के साथ मुठभेड़, वहां पहुंचा हरिभूमि-आईएनएच



### खून के निशान और नक्सलियों का सामान

मुठभेड़ किसी जंगल व पहाड़ी में नहीं बल्कि गांव में ही हुई थी। जिस समय सुबह 6 बजे पुलिस गांव पहुंची। गांव से लगी पहाड़ी के मे घात लगाए नक्सलियों ने हमला बोल शेष पेज 4 पर

# नक्सलियों के पास सरकारी इंजेक्शन पेन किलर और मिले पैरासिटामोल

**नक्सलियों की टूटी गढ़चिरौली से माढ़ तक सप्लाई चेन**

ग्राउंड जीरो से सुमित बड़ाई ▶▶| कांकेर

खास खबर

फोर्स और नक्सलियों के बीच 16 नवंबर को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए, दो जवान घायल हुए। यह इलाका घने जंगल और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। सड़कें नहीं हैं और जगह-जगह लैंड माइन्स और आईईडी होने का खतरा है। फोर्स भी हर कदम संभलकर रखती है। कोटरी नदी का गले तक पानी और नदी को पार करने के बाद पांच किलोमीटर घने जंगल में पैदल सफर। मुठभेड़ की शेष पेज 4 पर

### जगह-जगह मिले स्पाइक होल

हमने जगह-जगह स्पाइक होल देखे। वे इतने खतरनाक थे कि अगर गलती से भी उन पर पैर पड़ जाए तो घायल होने और हमेशा के लिए अपंग तक होने का खतरा हो सकता है। उसके बाद मोटरसाइकिल से सफर फिर शुरू हुआ। कोटरी नदी का सफर गले तक का पानी और विशाल नदी को पार कर करीबन 5 किमी का पैदल सफर तय करने के बाद हम जा पहुंचे ग्राउंड जीरो।





## सात साल से गोपनीय सैनिक कर रहा जवानों का इलाज

**कांकेर।** मुसफर्सी के जंगल में दो जवान घायल हो गए थे और उनको इलाज के लिए ले जाने के लिए जब तक हेलीकॉप्टर आता, उसके पहले जंगल में ही आपरेशन में शामिल गोपनीय सैनिक इंद्रजीत विश्वास ही जवानों का इलाज करता है। उसे हर दवा के बारे में बारीकी से जानकारी है। कांकेर जिले में सात साल में नक्सलियों से जब भी मुठभेड़ हुई, उसमें यह गोपनीय सैनिक शामिल रहा है। कांकेर जिले के नक्सली इलाके में आपरेशन के लिए जब भी टीम निकलती है, उस टीम में गोपनीय सैनिक इंद्रजीत जरूर रहता है। आपरेशन के साथ-साथ जब टीम का कोई भी जवान को गोली लग जाती है या अन्य किसी भी तरह से चोटिल हो जाता है, उसका प्राथमिक इलाज गोपनीय शेष पेज 4 पर

### झोलाछाप से सीखा इलाज करना

सात साल में कांकेर जिले मे हुए प्रत्येक आपरेशन में यह गोपनीय सैनिक शामिल रहता है और हौसला दिखाते हुए नक्सलियों से लड़ते हुए अपने साथियों को जीवन देने के लिए भरपूर कोशिश करता रहता है। उससे शेष पेज 4 पर

# ट्रेन में गांजा, जीआरपी का रैकेट फंसा, चार सिपाही पकड़े गए, एक निकला करोड़पति

**वेस्ट बंगाल से गांजा तस्करी का सरगना गिरफ्तार, नेटवर्क से जुड़कर पुलिस कर्मियों ने करोड़ कमाए**

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| बिलासपुर

ट्रेनों में गांजा तस्करी रोकने के लिए क्राइम ब्रांच की तर्ज पर जीआरपी में एंटी क्राइम टीम गठित की गई थी। इसमें जीआरपी के चार आरक्षक लक्ष्मण गाइन, संतोष राठौर, सौरभ नागवंशी और मन्नू प्रजापति की गांजा तस्करों से संलिप्तता की शिकायत छत्तीसगढ़ के खुफिया विभाग को मिली थी। गोपनीय जांच के बाद चारों सिपाहियों की संलिप्ता पाए जाने पर डीजीपी अशोक जुनेजा ने मामले की डायरी एसपी रजनेश सिंह को सौंपते हुए जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

पूर्व में चारों आरक्षकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, जिसमें गांजा तस्करी में संलिप्तता पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत चारों आरक्षकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने वेस्ट बंगाल में दबिश देकर श्यामधर चौधरी उर्फ शेष पेज 4 पर

*छत्तीसगढ़ में पुलिस कर्मियों के संरक्षण में गांजा तस्करी का खुलासा हुआ है। पुलिसकर्मी तस्करों को संरक्षण देते देते खुद गांजा का सप्लाई का काम करने लगे। चार पुलिस कर्मियों के पकड़े जाने के बाद इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ है। वेस्ट बंगाल से गांजा तस्करी के सरगना को पकड़ा गया है। चारों पुलिसकर्मी इसके निरंतर संपर्क में रहते थे। शुरुआती पूछताछ में खुलासा हुआ है कि कुछ बड़े पुलिस अधिकारियों का भी तस्करों को संरक्षण मिल रहा था।*

### खास बातें

- सरगना आरक्षकों से निरंतर संपर्क में था कॉल डिटेल में खुलासा
- रिश्तेदारों के नाम पर खोले गए अकाउंट में आते थे पैसे
- अफसरों का भी मिला संरक्षण। बहाल होते ही जीआरपी में मिली पोस्टिंग



मास्टर माइंड



### 45 खातों में करोड़ों के ट्रांजेक्शन का खुलासा

सूत्रों के अनुसार, खुफिया विभाग ने जांच में गिरफ्तार चारों आरक्षकों के पास से 45 बैंक खाते बरामद किए हैं। उन्होंने अपने रिश्तेदारों और परिचितों के नाम शेष पेज 4 पर

### सड़क मार्ग से भी तस्करी जारी

ओडिशा से छत्तीसगढ़ होकर उत्तर प्रदेश तक गाड़ियों के जरिए गांजे की तस्करी निरंतर जारी है। कभी सब्जियों में छुपा कर तो कभी तेल टैंकर में गांजे की तस्करी का खुलासा पहले ही हो चुका है। इस रैकेट में भी कुछ पुलिस कर्मियों के शामिल होने के सबूत मिल चुके हैं लेकिन बड़ी कार्रवाई का इंतजार है।

### वेस्ट बंगाल से गांजा डीलर गिरफ्तार

जीआरपी के चारों आरक्षकों को जेल भेजने के बाद पुलिस टीम जांच में लगी हुई थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरक्षकों को गांजा की सप्लाई करने वाले डीलर को वेस्ट बंगाल से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है और रिपोर्ट डीजीपी को सौंपे जाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। - **रजनेश सिंह**, एसपी, बिलासपुर

### 6 साल पहले गिरफ्तार हुआ था आरक्षक

आरक्षक लक्ष्मण गाइन ड्रग्स तस्करी के मामले में वर्ष 2018 में रायपुर से गिरफ्तार हुआ था। उस दौरान उसकी पोस्टिंग रायपुर जीआरपी में थी। उस समय तक वह राजनांदगांव इलाके में तस्करी के नेटवर्क को बढ़ा रहा था। डेढ़ साल बाद जेल से रिहा होने के बाद उसने अपने रसूख के बल पर तबादला बिलासपुर जीआरपी थाने में कराया था। उसके बाद अन्य तीन आरक्षकों के साथ मिलकर ट्रेन में गांजा तस्करी करने वालों को पकड़ने के बाद गांजा तस्करों को छोड़ देता था और जब्त गांजा को बेच देता था। धीरे-धीरे उसने ओडिशा और वेस्ट बंगाल के गांजा डीलरों से संपर्क किया और खुद गांजा मंगाकर शेष पेज 4 पर

# पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन और कारोबारी गोयल सात दिन की सीबीआई रिमांड पर

- बेटे-बहू को प्रशासनिक अफसर बनाने 45 लाख रिश्वत लेनदेन का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य लोकसेवा भर्ती परीक्षा घोटाले के आरोप में गिरफ्तार पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी तथा कारोबारी श्रवण गोयल से सीबीआई सात दिन पूछताछ करेगी। इस दौरान उन्हें घर का खाना दिया जाएगा और पारिवारिक सदस्य आधे घंटे मुलाकात भी कर सकेंगे। बहू और बेटे को प्रशासनिक अधिकारी बनाने गोयल पर 45 लाख रुपए देने और टामन पर रिश्वत लेने का आरोप है। मंगलवार को सीबीआई ने दोनों आरोपियों को विशेष न्यायाधीश लीलाधर यादव की अदालत में पेश किया। इस दौरान मामले में उनसे पूछताछ करने के लिए रिमांड पर लेने की अनुमति शेष पेज 4 पर

### 170 की चयन सूची जारी

सीजीपीएससी के माध्यम से वर्ष 2021 में विभिन्न 171 प्रशासनिक पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था। विभिन्न दौर के कड़े संघर्ष और प्रयास के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यार्थियों की चयन सूची जारी की गई थी। इसके बाद इस सूची पर बवाल शुरू हो गया क्योंकि शेष पेज 4 पर





छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
समर्थन मूल्य और रकबा बढ़ा
3100 रुपए प्रति क्विंटल
की दर से
किसानों से 21 क्विंटल
प्रति एकड़ धान खरीदी
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने
के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...
श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

**रायपुर**
**बुधवार, 20 नवंबर 2024**
अगहन कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष : 23, अंक : 124
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00*

**मौसम**
अधि. 30.4
न्यून. 16.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

9 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज...



विचार पेज
2 जहरीली हवा और खत्म होती

# मालवाहक पर लगाया विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड, तस्वीर वायरल हुई तो हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

खास खबर

जिले में भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक रेणुका सिंह के एक प्रतिनिधि द्वारा अपने निजी मालवाहक वाहन पर विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड लगाने का विवाद सामने आया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मामले को सार्वजनिक करते हुए कुशासन और अवैध गतिविधियों की संभावना पर सवाल उठाए हैं और सोशल मीडिया पर इसे सार्वजनिक मुद्दा बना दिया। उन्होंने इस गाड़ी की तस्वीर साझा करते हुए वाहन के उपयोग को लेकर शंका जाहिर की और पुलिस से जांच की मांग की। मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनने के बाद वाहन मालिक ने उक्त बोर्ड को हटा दिया। साथ ही यह भी पता चला कि वाहन का आरटीओ रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, इससे और अधिक सवाल उठ खड़े हुए। वाहन मालिक अनमोल केशरवानी ने स्वीकार किया कि उनके पिता भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक हैं और उन्होंने यह बोर्ड इसी कारण लगवाया था। वाहन मालिक अनमोल केशरवानी ने इस मुद्दे को गलतफहमी बताया और विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड हटाने की बात कही। वहीं यह घटना दिखाती है कि सार्वजनिक पदों से जुड़े व्यक्तियों के प्रतिनिधियों द्वारा इस प्रकार की गतिविधियां न केवल राजनीतिक बहस को जन्म देती हैं, बल्कि प्रशासनिक और कानूनी सवाल भी खड़े करती हैं।

### गाड़ी पर विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड

एक मालवाहक वाहन पर विधायक प्रतिनिधि लिखवाना न केवल गैर-जरूरी प्रतीत होता है, बल्कि यह इस बात का संकेत भी हो सकता है कि राजनीतिक प्रभाव का अनुचित उपयोग किया जा रहा है। यह स्थिति सार्वजनिक क्षेत्र में गलत संदेश दे सकती है। वहीं, जब वाहन का रिकॉर्ड आरटीओ में उपलब्ध ही नहीं है, तो यह संदेह पैदा करता है कि वाहन के दस्तावेजों में अनियमितता हो सकती है। जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और वाहन की पूरी जांच करनी चाहिए।

### पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने भी खड़े किए सवाल







## खबर संक्षेप

### शीतकालीन सत्र से पहले 24 को सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने 24 नवंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने जानकारी दी। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा और 20 दिसंबर को समाप्त होगा। संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्रीय कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



### इंडिगो के विमान की कोच्चि में आपात लैंडिंग

**कोच्चि।** बेंगलुरु से माले जा रहे इंडिगो के एक विमान को तकनीकी समस्या के कारण मंगलवार दोपहर कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया। मालदीव की राजधानी माले के लिए उड़ान 'ए321 विमान' से संचालित की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि विमान में तकनीकी समस्या आ गई थी। इसके बाद उसे कोच्चि हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।



### वैन-ट्रक की टक्कर में छह की मौत

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले में एक निजी वैन के ट्रक से टकरा जाने के कारण उसमें सवार तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान जयदेव गोहिल (23), सरस्वती गोहिल (21), हंसा जादव (35), संध्या जादव (11), विवेक गोहिल (16) और कीर्ति गोहिल (छह) के रूप में हुई है। घटना के बाद जंबूसर पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।




### ट्रक की टक्कर, रेलगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**रांची।** झारखंड के देवघर जिले में ट्रक की टक्कर से एक रेलगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। हालांकि, दोपहर करीब दो बजे मधुपुर-जसीडीह खंड पर रोहिणी नवाडीह रेलवे क्रॉसिंग पर हुई। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। रेलगाड़ी बिहार के झाझा से पश्चिम बंगाल के बर्धमान जंक्शन जा रही थी, जब एसबेस्टस से भरा ट्रक उससे टकराया।



### देरी पर छात्राओं के बाल काटे, प्रधानाचार्य सस्पेंड

**अल्लूरी सीताराम राजू।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में देर से आने पर कुछ छात्राओं के बाल काटने के आरोप में स्कूल की प्रधानाचार्य को निलंबित किया गया है। इसके बाद विभाग ने यू साई प्रसन्ना के खिलाफ जांच शुरू की। यह घटना अल्लूरी सीताराम राजू जिले के जी मदुगुला स्थित लड़कियों के आवासीय स्कूल कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में घटी।



## महाराष्ट्र में घिरे भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े, 5 करोड़ लाने का दावा

# वोटिंग से पहले 'कैश कांड', अब तक तीन एफआईआर, नौ लाख नकद जब्त

*महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। महाराष्ट्र में मतदान से ठीक एक दिन पहले नालासोपारा में हुए 'कैश कांड' ने सूबे का सियासी पारा चढ़ा दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़ेपर पैसे बांटने के आरोप लगने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। विपक्ष ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है। चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए तीन एफआईआर दर्ज की हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/मुंबई

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले महाराष्ट्र के नालासोपारा में 9 लाख 53 हजार 900 रुपए नकद जब्त किए गए। चुनाव अधिकारियों और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह रकम बरामद हुई। महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी किरण कुलकर्णी ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर परिसर की तलाशी ली। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी आचार संहिता का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब तक इस मामले में तीन एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। इनमें से दो मामलों में भाजपा उम्मीदवारों का नाम है, जबकि एक एफआईआर में खुद विनोद तावड़े का नाम शामिल है। विपक्ष इसे भाजपा की नैतिकता पर सवाल खड़े करने के लिए इस्तेमाल कर रहा है। एक एफआईआर में स्थानीय पार्टी बहुजन विकास अघाड़ी का भी नाम ⏭ शेष पेज 4 पर

- होटल में मिले नौ लाख रुपए, तावड़े बोले- यह एक साजिश

### सियासत गरमाई कांग्रेस ने उठाए सवाल भाजपा ने किया इंकार

### विपक्ष को दे दिया एक मजबूत हथियार

इस घटना ने विपक्ष को एक मजबूत हथियार दे दिया है। वोटिंग से ठीक एक दिन पहले यह मुद्दा चुनाव प्रचार का केंद्र बन गया है। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होना है,



### राहुल ने पूछा-किसके 'सेफ' से निकला पांच करोड़

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर तावड़े से संबंधित वीडियो को लेकर पोस्ट किया, मोदी जी, यह 5 करोड़ किसके 'सेफ' से निकला है? जनता का पैसा लूटकर आपको किसने टेम्पो में भेजा? उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' वाले हालिया बयान की ओर इशारा करते हुए यह तंज कसा।




### तावड़े ने कहा-राहुल का वक्तव्य बचपना

*इधर, भाजपा के राष्ट्रीय विनोद तावड़े ने कहा कि राहुल गांधी ने बिना किसी ठोस जानकारी के नालासोपारा में हुई चुनावी प्रक्रिया पर बयान दिया है। तावड़े ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह खुद नालासोपारा आकर वहां के होटल के सीसीटीवी फुटेज देखें और वहां हुई निर्वाचन आयोग की पूरी कार्यवाही देखें और यह साबित करें कि इस प्रकार पैसा आया। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को बचपना करार दिया। बिना किसी जानकारी के इस प्रकार का वक्तव्य बचपना नहीं तो और क्या है?*

### भाजपा बोली- सीसीटीवी देख लें

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये अनर्गल आरोप है और जिस जगह के लिए आरोप लगाया है वहां पर महा विकास अघाड़ी लड़ाई में नहीं है। यह घटना होटल की है। आसपास के सीसीटीवी देख लें। हवा में आरोप न लगाएं। उन्होंने कहा कि जिस नालासोपारा का मामला बताया जा रहा है वहां हमारे महासचिव विनोद तावडे गए थे।

### महाराष्ट्र-झारखंड में आज मतदान



288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र और 81 सीटों वाले झारखंड राज्य में बाकी बची 38 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को मतदान है। इसी के साथ लोगों को चुनाव नतीजों का इंतजार रहेगा। हर कोई ये जानना चाहता है कि आखिर महाराष्ट्र और झारखंड में अगली सरकार किसकी बनेगी। आखिर दोनों ही राज्यों की जनता के मन में क्या है? इन सभी सवालों के जवाब 23 नवंबर को मिल जाएंगे। दोनों राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और 15 राज्यों की 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी वोटों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

## जग्गी हत्याकांड

# 6 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 6 दोषियों को जमानत दे दी है। हत्याकांड में दोषी पूर्व पुलिस अधिकारी एएस गिल, वीके पांडे और आरसी त्रिवेदी समेत 6 लोगों को राहत मिली है। इनमें फिरोज सिद्दीकी, अविनाश उर्फ लल्लन और विश्वनाथ राजभर के नाम भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने सुनवाई के बाद यह फैसला दिया है। यह सभी 6 दोषी पांच साल से ज्यादा जेल में बिता चुके हैं। 7 महीने पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को लेकर जग्गी हत्याकांड में सभी दोषियों की सजा बरकरार रखी थी, जिसके बाद दोषियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। उल्लेखनीय है कि 2003 में तत्कालीन अजीत जोगी सरकार के कार्यकाल के दौरान रायपुर में मौदहापारा थाना के समीप एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी पर हमला किया गया था। इस हमले में उनकी मौत हो गई थी। मामले की जांच सीबीआई ने की थी। इस मामले में कई अन्य आरोपी भी शामिल हैं, जो इस समय जेल में हैं। अब जिन तीन पूर्व पुलिस अधिकारियों समेत छह लोगों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है, उनके संबंध में आदेश सुप्रीम कोर्ट से जेल प्रबंधन तक आने के बाद इनकी रिहाई होगी।

- पूर्व पुलिस अधिकारी गिल, पांडेय, त्रिवेदी शामिल

# यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को रूस स्वतंत्र

### पुतिन ने दी मंजूरी, अमेरिका की सिट्टी-पिट्टी होगी गुम



एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को एक नयी परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए। इसमें घोषणा की गई है कि किसी भी परमाणु शक्ति द्वारा समर्थित देश अगर रूस पर हमला करता है तो इसे उनके देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा। पुतिन ने परमाणु निवारक संबंधी नयी नीति का समर्थन 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन में सैनिकों को भेजने वाले हमले के 1,000वें दिन पर किया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस फैसले के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने यूक्रेन को अमेरिका द्वारा आपूर्ति की गई लंबी दूरी की मिसाइलों से रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने की अनुमति दी थी। रूस पर कोई भी बड़ा हवाई हमला ⏭ शेष पेज 4 पर

### इधर, यूक्रेन ने रूस पर दागी अमेरिकी मिसाइल

इधर, रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन ने रात को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र पर छह अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइलें दागी हैं। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन को लंबी दूरी की सुपरसोनिक मिसाइलों यानी कि टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के रूस के अंदर हमले के लिए इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन ने पहले भी एटीएसीएमएस का इस्तेमाल किया था।

### भारत की यात्रा करेंगे पुतिन!

यूक्रेन के साथ करीब ढाई साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले साल 2025 में भारत की यात्रा कर सकते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष जुलाई महीने में हुई मास्को की यात्रा के दौरान हुई शिखर वार्ता में रूस के राष्ट्रपति को निमंत्रण दिया था। मूलरूप से यह भारत और रूस के बीच स्थापित उस ढांचागत व्यवस्था का हिस्सा है। जिसमें दोनों देशों के शीर्ष नेता परस्पर रूप से एक-दूसरे के देशों की यात्रा करते हैं।

## सीआरपीएफ कैंप सेडवा में सीएम ने किया रात्रि विश्राम

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तर जिले के सीआरपीएफ कैंप सेडवा पहुंचे। उन्होंने कैंप में रात्रि विश्राम किया। मुख्यमंत्री ने पहुंचने पर आश्चर्यमिश्रित खुशी के साथ ही जवानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान सीएम साय ने जवानों से कहा कि पिछले 11 महीनों के दौरान आप लोगों ने जिस तरह नक्सली आतंक को खत्म करने की दिशा में ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं, उसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। आप लोग परिवार से दूर रहकर और सुख-सुविधाओं को त्याग कर बस्तर के विकास में जो योगदान दे रहे हैं। इससे आप लोगों ने यहां के जनजातीय समुदायों के हृदय में अपने लिए हमेशा हमेशा के लिए जगह बना ली है।*



## सीबीआई ने मुंबई में पकड़ा

# 25 लाख की रिश्वत लेते पकड़ाए डीआरएम सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वाल्टेयर रेल मंडल के डीआरएम सौरभ कुमार तीन दिन पहले मुंबई के एक होटल में 25 लाख रुपए की रिश्वत लेते सीबीआई के हाथों पकड़े गए हैं। उनके साथ दो और लोगों को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि डीआरएम सौरभ कुमार हाल ही में जगदलपुर प्रवास पर पहुंचे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई व पुणे ⏭ शेष पेज 4 पर



### पेनाल्टी कम करने मांगी थी रिश्वत

अधिकारी सौरभ कुमार कथित तौर पर पूर्वी तटीय रेलवे द्वारा दिए गए ठेकों में खराब प्रदर्शन के लिए जुर्माना कम करने और 3.17 करोड़ रुपए के बिलों के भुगतान के बदले में रिश्वत मांगी थी। मुंबई स्थित डी. एन. मार्केटिंग के मालिक सानिल राठौड़ से रिश्वत ले रहे थे। ये ठेके डीएन मार्केटिंग और पुणे स्थित एचआरके ⏭ शेष पेज 4 पर

## सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सुनवाई का विकल्प

# आपातकालीन मामलों की सुनवाई के लिए तीन दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की पीठों के पास अब रोस्टर में तय तिथियों के अलावा अन्य दिनों में नियमित मामलों की सुनवाई का विकल्प होगा। एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठों के पास अब रोस्टर में तय तारीखों के अलावा अन्य दिनों मंगलवार, बुधवार और गुरुवार में आंशिक सुनवाई वाले नियमित और अत्यावश्यक मामलों को लेने का विकल्प होगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के सीजेआई के रूप में कार्यभार संभालने के बाद सुप्रीम कोर्ट में मामलों की सुनवाई के संबंध में जारी परिपत्र में कहा गया था कि बुधवार और बृहस्पतिवार को नियमित सुनवाई वाले मामले सूचीबद्ध नहीं होंगे।

### सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग हजारों मामले

*सूत्र ने कहा कि यह फैसला सीजेआई द्वारा नोटिस के बाद के मामलों की पेंडेंसी को कम करने के लिए किया गया था और अगर जरूरी हुआ तो दिसंबर 2024 के बीच में या उससे पहले स्थिति की समीक्षा की जाएगी।*



### पेंडेंसी कम करने सीजेआई का फैसला

सर्कुलर में कहा गया, विशेष पीठ या आंशिक सुनवाई का मामला चाहे किसी भी तरह की सुनवाई हो, जिसे मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को लिस्ट करने का निर्देश दिया गया है, उसे लंच के बाद के सत्र में या सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के अनुसार लिस्ट किया जाएगा। जजों के पास लंच के बाद के सत्र में आंशिक रूप से सुने गए नियमित या जरूरी नियमित मामलों को लेने का विकल्प है।

### अब तक ऐसी प्रथा

हाल तक चली आ रही प्रथा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें नियमित मामलों की सुनवाई करती थीं, जिनमें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को आंशिक सुनवाई वाले नियमित मामले भी शामिल थे, जिन्हें नॉन मिसलेनियस डे भी कहा जाता है। वहीं, सोमवार और शुक्रवार को, जिन्हें मिसलेनियस डे भी कहा जाता है, पीठ नए मामलों की सुनवाई करती हैं और जो नोटिस जारी होने के बाद सामने आते हैं।

## मणिपुर हिंसा के बीच रैली

# खाली ताबूत लेकर सड़कों पर उतरे सैकड़ों प्रदर्शनकारी




**चुराचंद्रपुर।** मणिपुर के जिरीबाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग को लेकर चुराचांदपुर जिले में मंगलवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी खाली ताबूतों के साथ सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। मणिपुर पुलिस के अनुसार, पिछले सप्ताह सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दस संदिग्ध उग्रवादी मारे गए थे, जब सुरक्षा बलों जैसी वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर आये उग्रवादियों ने बोरोबेकरा पुलिस थाने और जिरीबाम के जकुराधोर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी।

## चिंतन

# गरीबी और भुखमरी के खात्मे का सही समय

जिस रफ्तार से दुनिया ने आधुनिकता, तकनीक और चकाचौंध को अपनाया है अगर उसी गति से गरीबी और भुखमरी पर प्रहार किया जाता तो पूरी दुनिया की तस्वीर ही कुछ और होती। चलो देर आए दुरुस्त आए, ब्राजील में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया के 20 श्रेष्ठ देशों ने एकजुट होकर भुखमरी को खत्म करने का ऐलान कर दिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला -दा-सिल्वा ने जी-20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के शिखर सम्मेलन की शुरुआत करते हुए भूख और गरीबी से लड़ने के लिए एक वैश्विक गठबंधन का ऐलान किया। इस पहल का समर्थन 80 से अधिक देशों ने किया है। यह ऐलान ऐसे समय में हो हुआ है जब अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जनवरी में पद संभालने के बाद कई बड़ी नीतिगत बदलाव लाने की बात कर रहे हैं। असल में भूख और गरीबी किसी प्राकृतिक घटना का परिणाम नहीं हैं, बल्कि ये राजनीतिक निर्णयों का नतीजा हैं। एक ऐसी दुनिया में जो हर साल लगभग 6 बिलियन टन भोजन का उत्पादन करती है, वहां भूख और गरीबी हैरान करने वाली है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर भूख को व्यापक रूप से मापने और उन पर नज़र रखने का एक ज़रिया है। जीएचआई का स्कोर ख़ासकर के चार संकेतकों के मूल्यों पर मापा जाता है जिनमें कुपोषण, शिशुओं में भयंकर कुपोषण, बच्चों के विकास में रुकावट और बाल मृत्यु दर है। जीएचआई का कुल स्कोर 100 पॉइंट होता है, जिसके आधार पर किसी देश की भूख की गंभीरता की स्थिति दिखती है। यानी के अगर किसी देश का स्कोर ज़ीरो है तो उसकी अच्छी स्थिति है और अगर किसी का स्कोर 100 है तो उसकी बेहद ख़राब स्थिति है। भारत का स्कोर 29.1 है जो कि बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। इसके अलावा कुल ऐसे 17 शीर्ष देश हैं, जिनका स्कोर 5 से भी कम है। इन देशों में चीन, तुर्की, कुवैत, बेलारूस, उरुग्वे और चिली जैसे देश शामिल हैं। वहीं मुस्लिम बहुल देशों की स्थिति की बात करें तो यूएई 18वें, उज़्बेकिस्तान 21वें, कज़ाख़स्तान 24वें, ट्यूनीशिया 26वें, ईरान 29वें, सऊदी अरब 30वें स्थान पर है। दुनिया की कुल भूख की स्थिति की बात की जाए तो हालिया सालों में यह स्थिर रही है, लेकिन हालात आज भी अच्छे नहीं हैं। साल 2022 की रिपोर्ट में पूरी दुनिया के मामले में भूख की स्थिति को मध्य श्रेणी में रखा गया है। 2014 में जहां दुनिया का कुल स्कोर 19.1 था वो 2022 में घटकर 18.2 हुआ है। इस रिपोर्ट में कुल 44 देश ऐसे हैं जिनकी स्थिति बेहद ख़तरनाक स्तर पर है। लोगों के पास दो जून की रोटी तक की व्यवस्था नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भुखमरी का सामना किया। इनमें सबसे बुरी स्थिति गाजा के लोगों की है, जिनके सामने अकाल जैसी स्थिति है। संयुक्त राष्ट्र की पांच विशेष एजेंसियों द्वारा प्रकाशित विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (एसओएफआई) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में लगभग 733 मिलियन लोगों ने भूख का सामना किया। जो विश्व स्तर पर ग्यारह में से एक व्यक्ति और अफ्रीका में पांच में से एक व्यक्ति के बराबर है। इसी से हालात का अंदाजा सहज ही हो जाता है। अब जी-20 देशों ने गरीबी और भुखमरी को खत्म करने के लिए एकजुट होकर ऐलान किया है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि हालात में जल्द बदलाव होगा। इस वैश्विक गठबंधन से न केवल गरीब देशों में आम जनजीवन सुधरेगा बल्कि पूरी दुनिया की तस्वीर भी अलग होगी।



प्रदूषण
रविशंकर

# जहरीली हवा और खत्म होती जिंदगी

सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को लेकर गंभीर है। केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली और आसपास की राज्य सरकारें अलग-अलग दावे करती रही हैं, लेकिन इससे प्रदूषण के स्तर में कोई बड़ी राहत नज़र नहीं आती है। भले इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए गए, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताजा रिपोर्ट बताती है कि विश्व स्तर पर हवा इस हद तक जहरीली हो चुकी है कि हमारी सांसों में धीमा जहर फैल रहा है। फेफड़ों में प्रदूषणकारी तत्वों की तह लग रही है, जो 'स्लोडेथ' यानी मौत का फरमान है।

दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है, जबकि अभी सर्दी ठीक तरह से शुरू भी नहीं हुई है। राजधानी के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को लेकर गंभीर है। केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली और आसपास की राज्य सरकारें अलग-अलग दावे करती रही हैं, लेकिन इससे प्रदूषण के स्तर में कोई बड़ी राहत नज़र नहीं आती है। भले इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए गए, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताजा रिपोर्ट बताती है कि विश्व स्तर पर हवा इस हद तक जहरीली हो चुकी है कि हमारी सांसों में धीमा जहर फैल रहा है।

फेफड़ों में प्रदूषणकारी तत्वों की तह लग रही है, जो 'स्लोडेथ' यानी मौत का फरमान है। रिपोर्ट बताती है कि प्रतिवर्ष 50 लाख के लगभग लोग जहरीली हवा के चंगुल में आकर समय से पहले जिंदगी को अलविदा कह जाते हैं। पर्यावरण के लिए काम करने वाली संस्था ग्रीनपीस की एक रिपोर्ट के मुताबिक़ भारत की राजधानी दिल्ली दुनियाभर में सभी देशों की राजधानी में सबसे ज़्यादा प्रदूषित शहर है। सवाल है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक-दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिए तत्पर क्यों नहीं होते?

इस रिपोर्ट में पीएम 2.5 के आधार पर बताया गया है कि दुनिया के सबसे ज़्यादा प्रदूषित 15 शहरों में 12 शहर भारत के हैं। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के मुताबिक़ दुनिया के 30 सबसे ज़्यादा प्रदूषित शहर भारत में हैं जहां पीएम 2.5 की सालाना सघनता सबसे ज़्यादा है। मेडिकल जर्नल बीएमजे की स्टडी में पाया गया है कि प्रदूषण की वजह से भारत में हर साल 20 लाख से ज़्यादा लोगों की मौत होती है। पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर प्रदूषण की एक किस्म है। इसके कण बेहद सूक्ष्म होते हैं जो हवा में बहते हैं। पीएम 2.5 या पीएम 10 हवा में कण के साइज़ को बताता है। हवा में मौजूद यही कण हवा के साथ हमारे शरीर में प्रवेश कर ख़ून में घुल जाते हैं। इससे शरीर में कई तरह की बीमारी जैसे अस्थमा और सांसों की दिक्कत हो सकती है। गौर करने वाली बात ये है कि आबादी के लिहाज से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही होता है, लिहाजा भारत को अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझते हुए तत्काल ही कुछ सार्थक और ठोस उपाय करना होंगे। साफ है, आज के समय दुनिया में सबसे ज्यादा बीमारियां पर्यावरण प्रदूषण की वजह से हो रही हैं। मलेरिया, एड्स और तपेदिक से हर साल जितने लोग मरते हैं उससे ज्यादा लोग प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से मर जाते हैं। बहरहाल, हर साल सवाल यही उठता है कि वायु प्रदूषण से हर साल होने वाले मौत को रोकने के लिए सरकार की तरफ से क्या कदम उठाए जा रहे हैं? दशकों से ये बात सरकार और समाज सबको मालूम है लेकिन इसको लेकर दोनों उदासीन बने हुए हैं। ऐसा लगता है कि इसके बावजूद लोग अपने त्रासदीपूर्ण भविष्य को लेकर पूरी से तरह से बेखबर हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर हमारी सरकार



और समाज कर क्या रही है? वास्तव में वायु प्रदूषण की समस्या इतनी जटिल होती जा रही है कि भविष्य अंधकारमय होता प्रतीत हो रहा है।

वस्तुतः आज मनुष्य भोगवादी जीवन शैली का इतना आदि और स्वार्थी हो गया है कि अपने जीवन के मूल आधार समस्त वायु को दूषित कर रहा है, नैतिकता, धर्म, कर्तव्य सब भूल रहा है। भौतिकतावादी जीवन शैली और विकास की अंधी दौड़ में आज मनुष्य ये भी भूल गया है कि वायु प्रदूषण भी कुछ है। बढ़ते वाहनों और कारखानों से निकलते धुएं ने वायु का, वृक्षों की कटाई से जीवनदायिनी गैसों को, मनुष्य द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से जल को इस तेजी के साथ प्रदूषित कर रहा है कि दुगनी गति से बीमारियां भी फैल रही हैं। मानवीय सोच और विचारधारा में इतना ज्यादा बदलाव आ गया है कि भविष्य की जैसे मानव को कोई चिंता ही नहीं है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अमानवीय कृत्यों के कारण आज मनुष्य प्रकृति को रिक्त करता चला जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण असंतुलन के चलते भूमंडलीय ताप, अम्लीय वर्षा, बर्फीली चोटियों का पिघलना, सागर के जल-स्तर का बढ़ना, मैदानी नदियों का सूखना, उपजाऊ भूमि का घटना और रेगिस्तानों का बढ़ना आदि विकट परिस्थितियां उत्पन्न होने लगी हैं। ये सारा किया कराया मनुष्य का है और आज विचलित, चिंतित भी स्वयं मनुष्य ही हो रहा है। लेकिन अफ़सोस की बात है कि हम चेत नहीं हो रहे हैं। साल दर साल बीत जाने के बाद भी भारत में वायु प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। चाहे केंद्र सरकार हो या फिर राज्य सरकारें, कोई भी प्रदूषण से लड़ने के लिए गंभीर नहीं दिखता।

ऐसे में सरकारों के प्रदूषण से लड़ने के लिए दीर्घकालीन नीतियां बनाने की जरूरत है तो वहीं लोगों को अपने स्तर पर वे सभी जतन करने की जरूरत है जो हवा को जहरीली होने से रोकें। ये ठीक है कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकरों ने कई कदम उठाए थे। फिर भी वायु प्रदूषण से निपटने में हम फिसड्डी साबित हुए। ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बड़ी और ज्यादा गंभीर चुनौतीपूर्ण हो जाती है क्योंकि हमें विकसित और विकासशील दोनों ही प्रकार के देशों में किए जा रहे उपायों को अपनाना पड़ेगा। बढ़ते प्रदूषण की वजह से 5-8 साल तक उम्र भी कम हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में बताया गया है कि भारत की हवा इतनी खराब हो गई है कि जिंदगी 5 साल तक कम हो सकती है। दिल्ली की बात करें तो वहां की हवा में रहने वालों की उम्र 8 साल तक घट रही है। दरअसल, वायु प्रदूषण एक ऐसा मुद्दा है जो पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात है और इसे बिना आपसी सहमति और ईमानदार प्रयास के हल नहीं किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तात्कालिक कार्रवाई के बजाय निरंतर प्रयासों की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाना, वाहनों की संख्या को नियंत्रित करना, और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना जैसे उपाय दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं। पराली जलाने की समस्या को हल करने के लिए किसानों को बेहतर तकनीक और सब्सिडी प्रदान करना आवश्यक है, ताकि वे अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाएं। इसके साथ ही निर्माण स्थलों पर प्रदूषण-नियंत्रण उपायों का सख्ती से पालन और औद्योगिक उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता है। एक व्यवस्थित निगरानी तंत्र से पूरे वर्ष वायु गुणवत्ता का मूल्यांकन करना जरूरी है ताकि प्रदूषण के स्तर को समय रहते काबू में रखा जा सके। वायु प्रदूषण का मतलब केवल पेड़-पौधे लगाना ही नहीं है बल्कि, भूमि प्रदूषण, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण को भी रोकना है। तभी कुछ ठोस नजर आ सकेगा। वक्त कुछ करने का है न कि सोचने का।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस
श्वेता गोयल



# प्रत्येक बच्चे का अधिकार शिक्षा, सुरक्षा व सम्मान

पूरी दुनिया में बच्चों के प्रति जागरुकता बढ़ाने, उनके अधिकारों, उनकी सुरक्षा, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाया जाता है, जो न केवल बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है बल्कि यह समाज में उनके महत्व को भी स्पष्ट रूप से उजागर करता है। इस दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी। 20 नवंबर 1959 को संयुक्त राष्ट्र ने 'बाल अधिकार घोषणापत्र' को अपनाया और 1989 में इसी दिन 'बाल अधिकार संधि' पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह संधि बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक कानूनी रूपरेखा प्रदान करती है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता जैसे मूलभूत अधिकार शामिल हैं। यह दिन दुनियाभर के बच्चों के कल्याण के लिए समर्पित करने का संयुक्त राष्ट्र महासभा का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना ही था। इस वर्ष 'प्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकार' थीम के साथ मनाया जा रहा है। । यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से भी ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। वैसे तो बाल दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में इसे मान्यता मिली 1953 में। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्टूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य को समर्पित यह दिवस वास्तव में बच्चों के सपनों को पंख देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की पहचान और उनका संरक्षण है। बच्चों के कुछ प्रमुख अधिकारों में जीवन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, खेल और आराम का अधिकार, समानता का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार इत्यादि शामिल हैं। दुनिया के हर बच्चे को जीवित रहने और विकास का अधिकार है, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य भी है। इसी प्रकार शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, जो उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने और गरीबी के चक्र को तोड़ने में मदद करता है। वैसे तो दुनियाभर में बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने के प्रयास दशकों से किए जा रहे हैं लेकिन फिर भी करोड़ों बच्चे आज भी बाल श्रम, बाल शोषण, शिक्षा तक पहुंच का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, युद्ध और संघर्ष जैसी कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल श्रम में फंसे हैं, जो शिक्षा और खेल-कूद से वंचित हैं और उनका बचपन कठिनाइयों से भरा होता है। तरराष्ट्रीय बाल दिवस न केवल बच्चों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का अवसर प्रदान करता है बल्कि सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए भी एक संदेश देता है कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके विकास में योगदान देना हमारी अहम जिम्मेदारी है। यह दिवस बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चों के लिए समावेशी समाज का निर्माण करें, बच्चों के प्रति भेदभाव को समाप्त करें और उन्हें समान अवसर प्रदान करें। बच्चों की मुस्कान और उनका उज्ज्वल भविष्य ही किसी समाज की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जी-20 से हमारी उम्मीदें

रियो डि जेनेरियो (ब्राजील) में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है। उम्मीद है कि इस सम्मेलन में विश्वव्यापी दो समस्याओं, गरीबी और भुखमरी के साथ-साथ विश्वव्यापी दूसरी समस्याओं पर भी इस सम्मेलन में शामिल देश प्रमुखता से बातचीत करेंगे और इनके लिए काम करने के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सहमति बनाएंगे। दुनिया में गरीबी और भुखमरी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या भी है, और जब तक दुनिया में बढ़ती जनसंख्या के लिए चिंता और चिंतन नहीं किया जाएगा, तब तक देश में गरीबी कभी भी खत्म नहीं होगी। विश्व की अनेक समस्याएं अंतरराष्ट्रीय स्वरूप की हैं, जिनका समाधान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही किया जा सकता है। इसलिए इस सम्मेलन से विश्व की उम्मीदें ज्यादा हैं।

*- संदीप शुक्ला, दुर्ग*

## ट्रेंड

### संसाधनों का उपयोग



भारत खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने और गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपनी सफलताओं को आगे बढ़ाएंगे और सभी के लिए उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अपनी सामूहिक शक्ति और संसाधनों का उपयोग करेंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी से मिलना सुखद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना सदैव सुखद होता है, क्योंकि भारत के साथ हमारी साझेदारी समृद्ध और बहुआयामी दोनों है। हमने पिछले जनवरी में शुरू की गई पहलों की प्रगति और साथ ही प्रमुख अंतराष्ट्रीय मुद्दों की समीक्षा की।

-इमैनुएल मैक्रॉन, फ्रांस राष्ट्रपति

### गंगाजल दूषित



फाइलों में गंगा जी के स्वच्छ, अविरल, निर्मल होने के दावों का सच ये है कि वाराणसी में मां गंगा इतनी दूषित हो चुकी हैं कि पीने योग्य तो छोड़िए, ये जल स्नान के लायक भी नहीं है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### एयर इंडिया की यात्रा



मुझे नई एयर इंडिया में यात्रा करना पसंद है। मुझे मेरी जवानी की याद दिलाती है. पहले तो वे बार-बार फाइनल कॉल चिल्लाते हैं.. मुझे सब्जी वाले की याद दिलाते हैं.. फिर वे तुम्हें एक बस में बिठा देते हैं और हम एक घंटे के लिए गर्म बस में बैठे रहते हैं..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# नेपाल और भारत सीमा पर आवाजाही बढ़ाने पर सहमत



नेपाल और भारत ने दोनों देशों की सीमाओं के आर-पार नागरिकों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सोमवार को सहमति जताई। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद और नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख राजू आर्यल की अध्यक्षता में आयोजित नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा समन्वय की आठवीं बैठक में इस बात पर सहमति जताई गई। नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'दोनों पक्षों के बीच सार्थक बैठक हुई और वे सीमाओं के आर-पार दोनों देशों के नागरिकों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमत हुए।' नेपाल के अधिकारियों के अनुसार, तीन दिवसीय उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक सोमवार को समाप्त हुई जिसमें सीमा पार हो रहीं आपराधिक गतिविधियों को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने पर जोर दिया गया। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाने पर सहमत हुए। नेपाल, भारत के पांच राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है।

## ऑफ बीट

# रुक-रुक कर उपवास से बचा जा सकता है अल्जाइमर से



जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ती जा रही है, अल्जाइमर रोग तेजी से आम होता जा रहा है। अल्जाइमर रोग मनोभ्रंश का सबसे प्रचलित रूप है। डिमेंशिया एक बीमारी है जिसका उपयोग उम्र के साथ मस्तिष्क की कार्यक्षमता में गिरावट से जुड़े लक्षणों की एक श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। लक्षणों में स्मृति हानि, संचार कठिनाइयाँ, समस्या-समाधान संघर्ष और व्यक्तित्व या व्यवहार परिवर्तन शामिल हैं। हाल के वर्षों में, अल्जाइमर रोग जैसी उम्र से संबंधित बीमारियों पर शोध के सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक मस्तिष्क में हानिकारक प्रोटीन का संचय रहा है। विशेष रूप से अमाइलॉइड। अमाइलॉइड अल्जाइमर रोग में अनुसंधान का एक प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है क्योंकि इसका बढ़ना इस स्थिति के विकास से जुड़ा है। रोग प्रक्रिया में इसकी भागीदारी को समझना हमारे ज्ञान को आगे बढ़ाने और रोग के निदान, रोकथाम और उपचार के लिए प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अमाइलॉइड के संचय से प्लाक का निर्माण हो सकता है। ये प्लाक मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच संचार में बाधा डाल सकते हैं। यह अंततः संज्ञानात्मक गिरावट और अल्जाइमर रोग से जुड़े अन्य लक्षणों में योगदान देता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस मुनमुन सेन के पति भारत देव वर्मा का निधन

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा के शाही परिवार के सदस्य और मुनमुन सेन के पति भरत देव बर्मन का निधन हो गया है। 83 साल की उम्र में



कोलकाता स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। तबीयत बिगड़ने बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। कोलकाता के ढाकुरिया स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल से एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था कि घर पहुंचने से पहले ही उन्होंने अंतिम सांस ली. मंगलवार सुबह कोलकाता स्थित घर में उन्होंने 83 की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### दिल्ली विधानसभा सत्र 29 से हंगामेदार होने के आसार

**नई दिल्ली।** चुनावी सरगर्मी के बीच दिल्ली विधानसभा सत्र का एलान किया गया है। यह सत्र 29



नवंबर और 3 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सातवीं विधानसभा के पांचवें सत्र के रूप में 'शीतकालीन सत्र' आरोप-प्रत्यारोप वाला होने वाला है। क्योंकि विपक्ष ने अभी से ही तेवर कड़ा कर लिया है। इस दौरान भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच जमकर सियासी तेवर देखने को मिलेगी। इसे लेकर पक्ष और विपक्ष ने राजनीतिक घेरा बंदी करने की तैयारी शुरू कर दी है। सत्ता पक्ष के व विपक्ष के सदस्य एक दूसरे को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति तैयार कर रहे है। विपक्ष ने अभी से एजेंडा भी तय कर लिया है।

### बॉर्डर के पास इंजीनियर से 5.9 किलोग्राम सोना जब्त

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में एक सिविल इंजीनियर को गिरफ्तार करने और उसके कब्जे से 50 सोने



के बिस्कुट जब्त करने का दावा किया है। "विशिष्ट खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, टेंटुलबेरिया सीमा चौकी पर तैनात 5 बीएन बीएसएफ के जवानों ने अंचलपारा गांव में तलाशी ली। यह गांव बीओपी से करीब 2,700 मीटर पीछे स्थित है। बीएसएफ के जवानों को देखते ही एक व्यक्ति अपने घर के पिछले दरवाजे से भागने की कोशिश करने लगा। चेतावनी के बावजूद, उसने बीएसएफ की घेराबंदी तोड़ने की कोशिश की, जब तक कि एक जवान ने हवा में खाली गोली नहीं चलाई।

## विधानसभा चुनाव : महाराष्ट्र व झारखंड में होगा आज मतदान

# इधर चाचा के सामने भतीजा, उधर सोरेन, मरांडी की दांव पर प्रतिष्ठा

*महाराष्ट्र व झारखंड में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। 288 सीटों वाले महाराष्ट्र में महायुति और महाविकास अघाड़ी गठबंधन आमने-सामने हैं। वहीं, झारखंड विधानसभा के दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोटिंग होगी। इस चरण में 14,218 मतदाता 528 उम्मीदवारों की सियासी किस्मत का फैसला करेंगे। आइए जानते हैं इन दोनों राज्यों के हाई-प्रोफाइल मुकाबले ...*







### महाराष्ट्र में 5 सीटों पर रहेगी सबकी नजर

23 नवंबर को दोनों राज्यों व देशभर में हुए उपचुनावों के आएंगे नतीजे

#### वर्ली: देवड़ा बनाम ठाकरे

इन हाई प्रोफाइल सीटो में से मुंबई की वर्ली सिटी एक है। यहां पर शिंदे सेना के मिलिंद देवड़ा, शिवसेना-यूबीटी के आदित्य ठाकरे और मनसे नेता संदीप देशपांडे के बीच मुकाबला है। मिलिंद देवड़ा दक्षिणी मुंबई से पूर्व सांसद हैं। वे यूपीए 2 सरकार के दौरान वह केंद्र में मंत्री भी रह चुके हैं। दूसरी तरफ आदित्य ठाकरे ने 2019 में पहली बार चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्होंने 89,248 वोटों से बड़ी जीत हासिल की थी। इस सीट पर तीसरा नाम संदीप देशपांडे का है। वर्ली में मराठी भाषी लोगों में उनकी काफी पकड़ है।

#### बारामती में बड़ा संग्राम पवार वर्सेस पवार

बारामती वह सीट है, जहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। इस बार आमने-सामने हैं डिप्टी सीएम अजित पवार और उनके भतीजे युगेंद्र पवार। पिछली बार अजित पवार की पत्नी और सुप्रिया सुले के बीच मुकाबला था। इसमें अजित पवार गुट को हार का मुंह देखना पड़ा था। इस बार अजित पवार खुद मैदान में हैं। वहीं, युगेंद्र के सिर पर शरद पवार का हाथ है। अजित पवार सात बार से यहां से विधायक हैं।

#### वांद्रे पूर्व: जीशान सिद्दिकी बनाम वरुण सरदेसाई

वांद्रे पूर्व सीट पर मुकाबला और भी दिलचस्प है। यहां पर जीशान सिद्दिकी और वरुण सरदेसाई आमने-सामने हैं। पिता बाबा सिद्दिकी की हत्या से उपजी सहानुभूति भी उनके पक्ष में काम करेगी। उनके मुकाबले में उद्धव ठाकरे के भतीजे वरुण सरदेसाई हैं।

#### नागपुर दक्षिण पश्चिम फडणवीस बनाम प्रफुल्ल

इस सीट पर प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। वह 2009 के बाद से नागपुर दक्षिण-पश्चिम सीट पर लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के प्रफुल्ल गुडाढ़े हैं।

#### कोपरी-पचपखड़ी: एकनाथ शिंदे बनाम केदार दिघे

ठाणे के इस विधानसभा सीट पर भी मुकाबला काफी हाई-फाई है। यहां पर सीएम एकनाथ शिंदे के सामने उनके गुरु आनंद दिघे के भतीजे केदार हैं।

### झारखंड में दूसरे दौर का रण, एनडीए और महागठबंधन आमने-सामने

झारखंड में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। दूसरे चरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी, सीता सोरेन जैसे दिग्गज चुनाव मैदान में है। अगली सरकार के लिए ये 38 सीटें बेहद खास मानी जा रही हैं। दूसरे चरण में बाजी मारने वाले के हाथ ही सत्ता की चाबी आएगी। पहले चरण में राज्य की 43 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान हुआ। पहले चरण में 66 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई।



**दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटें**

| | |
|---|---|
| बरहेट | हेमंत सोरेन |
| धनवार | बाबू लाल मरांडी |
| जामताड़ा | सीता सोरेन |
| गांडेय | कल्पना सोरेन |
| सिल्ली | सुदेश महतो |

**इन दिग्गजों की किस्मत दांव पर**

इस चरण में मतदाता जिन प्रमुख उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे, उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन (दोनों झामुमो से), उनकी भाभी सीता सोरेन (भाजपा), भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो (झामुमो), ऑल झारखंड स्टुडेंट यूनियन (आजसू) पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो और निवर्तमान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी (भाजपा) शामिल हैं। अंतिम चरण में जिन 38 सीट पर मतदान होगा उनमें आठ अनुसूचित जनजातियों के लिए और तीन अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। निर्वाचन आयोग ने इस चरण के लिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कुल 14,218 मतदान केंद्र बनाए हैं।

# माल्या, नीरव के प्रत्यर्पण पर जोर, भारत ब्रिटेन जल्द शुरू करेंगे एफटीए वार्ता

### *प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटिश पीएम सहित कई देशों के नेताओं से की द्विपक्षीय वार्ता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के इतर इटली, इंडोनेशिया, नॉर्वे, पुर्तगाल, मिस्र और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों के नेताओं से मुलाकात की और संबंधों को बेहतर एवं मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टॉर्मर के साथ पहली बैठक में घोषणा की कि भारत ब्रिटेन के बेलफास्ट और मैनचेस्टर में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। साथ ही उन्होंने ब्रिटेन से भगोड़े भारतीय व्यापारियों के प्रत्यर्पण का आह्वान भी किया। सोमवार देर रात को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर हुई वार्ता के बाद स्टॉर्मर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता नए साल में पुनः शुरू की जाएगी। उनकी यह टिप्पणी प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर उनकी लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दृष्टिकोण के बारे में चिंता को दूर करने वाली प्रतीत हुई। वहीं, भारतीय पक्ष ने भगोड़े भारतीय व्यापारियों विजय माल्या और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण पर जोर दिया तथा मोदी ने ब्रिटेन में भारत के आर्थिक अपराधियों के मुद्दे के समाधान के महत्व को रेखांकित किया। जुलाई में ऋषि सुनक के बाद स्टॉर्मर के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी। भारत सरकार के बयान के अनुसार, महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते पर दोनों प्रधानमंत्रियों ने आशा व्यक्त की कि एक ''संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभकारी और दूरदर्शी'' मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को अंतिम रूप दिया जाएगा, जबकि शेष मुद्दों को आपसी सहमति से सुलझाया जाएगा।

### जी20 सम्मेलन : यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने का आह्वान

दुनिया की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं ने एक संयुक्त घोषणापत्र में भुखमरी से लड़ने के लिए वैश्विक समझौते, युद्धग्रस्त गाजा के लिए अधिक सहायता और पश्चिम एशिया तथा यूक्रेन में शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान किया। इस घोषणापत्र में सामान्य बातें अधिक हैं लेकिन उन लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जाए, इस बारे में अधिक विवरण नहीं था। संयुक्त बयान को जी20 समूह के सदस्यों का बड़ी संख्या में समर्थन मिला, लेकिन पूरी तरह सर्वसम्मति नहीं मिली।

### बवाल : बाइडेन, ट्रूडो और मेलोनी जी-20 के फोटो सेशन से गायब

रियो डि जेनेरियो में जी-20 की बैठक हुई। समापन के दौरान फोटो सेशन हुआ। इस फोटो सेशन से जो बाइडेन नदारद दिखे। बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपने अंतिम शिखर सम्मेलन में रियो डी जनेरियो में साथी जी-20 नेताओं के साथ एक तस्वीर लेने के लिए गए। लेकिन उन्हें पता चला कि फोटो सेशल पहले ही उनके बिना हो चुका था। इस बात से निराश अमेरिकी अधिकारियों ने इस गलती के लिए 'लॉजिस्टिकल मुद्दों' को जिम्मेदार ठहराया।

### जिनपिंग का खौफ ब्रिटिश पीएम के सामने भगाए दो अंग्रेज पत्रकार

इसे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का खौफ कहिए या कुछ और कि ब्राजील में हुई जी 20 समिट में ब्रिटिश पत्रकारों की फजीहत हो गई है। दरअसल, जिनपिंग की ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर के साथ मुलाकात के दौरान ब्रिटेन के पीएम के सामने ही दो ब्रिटिश पत्रकारों को भगा दिया। रियो में हुई बैठक में स्टार्मर ने जब मानवाधिकार का मुद्दा उठाया, तभी दो ब्रिटिश पत्रकारों को वहां से जबरन बाहर निकाल दिया।

## 'क्रोनी पूंजीपतियों को बचाने के लिए किया गया मैच फिक्स'

### 'बुच स्टॉप्स हियर' नामक वीडियो में राहुल ने लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कुछ बड़े व्यवसायियों को बचाने के लिए एक फिक्स मैच खेला जा रहा है और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम निवेशकों को हो रहा है। राहुल गांधी 'बुच स्टॉप्स हियर' नामक एक वीडियो में पवन खेड़ा और पत्रकार सुचेता दलाल के साथ निवेशकों की बचत की सुरक्षा पर चर्चा कर रहे थे। जिसमें राहुल गांधी ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उद्योगपति गौतम अदाणी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सेबी के तहत निवेशकों की संपत्ति की सुरक्षा करने के बजाय, यह एक बड़े कारोबारी समूह, जैसे अदाणी समूह, की सुरक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा जब मैच फिक्स होता है तो सब हारते हैं और आम निवेशक सबसे ज्यादा नुकसान उठाते हैं।

#### पवन खेड़ा ने साझा किया वीडियो



पवन खेड़ा ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि सेबी के साथ समझौता करने से शेयर बाजारों पर क्या असर पड़ता है, इस पर उन्होंने सुचेता दलाल के साथ चर्चा की। वे यह समझाने की कोशिश कर रहे थे कि कैसे इस तरह के धोखाधड़ी वाले सिस्टम की वजह से सिर्फ छोटे निवेशक ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है।

## 'राष्ट्रीय लक्ष्यों के मद्देनजर मिले वायुसेना की क्षमता को मजबूती'

### राजधानी में आयोजित वायुसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी सुरक्षा खतरों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित वायुसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने बल के कमांडरों और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से आह्वान किया कि वह क्षमता विकास की प्रक्रिया को इस तरह से आगे बढ़ाए कि उससे राष्ट्रीय लक्ष्यों और आकांक्षाओं के मद्देनजर वायुसेना को और अधिक क्षमतावान बनाया जा सके। वायुसेना ने बताया कि यह सम्मेलन तीन दिवसीय है जिसकी शुरुआत बीते सोमवार को हुई थी।

#### राष्ट्रीय संप्रभुता पर सराहे प्रयास

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में देश की संप्रभुता को बनाए रखने के लिए वायुसेना के समर्पण और व्यावसायिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने उभरती हुई चुनौतियों को स्वीकार करने की बल की क्षमता पर विश्वास जाहिर किया। वायुसेना के इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान प्रमुख रणनीतिक, प्रशासनिक और सामरिक विषयों पर गहराई के साथ वरिष्ठ कमांडरों ने चर्चा की। इसके अलावा सीडीएस, सेनाप्रमुख और नौसेनाप्रमुख से वायुसेना के कमांडरों की मुलाकात हुई। जिससे आपसी सामंजस्य को बढ़ावा मिले। वायुसेनाध्यक्ष ने रक्षा मंत्री को बल की तमाम रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। यह सम्मेलन एक द्विवार्षिक आयोजन है। यह एक प्रकार से मौजूदा चुनौतियों और भावी सामरिक कदमों पर विचार-विमर्श करने का एक अहम मंच है।

रजिस्ट्री सं० डी०एल० 33004/99 REGD. NO. D.L. 33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13112024-258608
CG-DL-E-13112024-258608
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग-II खण्ड-3 उप-खण्ड (ii)
PART-II Section-3 Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4516] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 12, 2024/कार्तिक 21, 1946
No. 4516] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 12, 2024/KARTIKA 21, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 12 नवम्बर, 2024

**का.आ. 4897**—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह, समाधान हो जाने के पश्चात कि छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के गाँव– मुड़पार उर्फ भेलवाडीह, झांकी, तुलक– अभनपुर में NH130CD के कि.मी. 0 से कि.मी. 9.38 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि) अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात कैला कम एसडीओ अभनपुर को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के गाँव– मुड़पार उर्फ भेलवाडीह, झांकी, तालुक– अभनपुर में NH130CD के कि.मी. 0 से कि.मी. 9.38 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।

7304 GI/2024

फाइल नंबर: PD/DMT/Rai-Vish/LA/3A
अभय जैन, निदेशक

जिला: रायपुर
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 12 November 2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in
**नोट:** इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बनाया नया प्लान

# अमेरिका में लागू होगी इमरजेंसी, लाखों को 'देश निकाला'

### अवैध प्रवासियों को बाहर करने पूरे अमेरिका में घोषित होगी नेशनल इमरजेंसी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका के रहने वाले अवैध प्रवासियों को लेकर बड़ा फैसला हुआ है। वहां के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि उनका प्रशासन देश में रहने वाले अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए सैन्य बलों को प्रयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही इस बात की ओर भी इशारा किया गया है कि अवैध प्रवासियों को बाहर करने के लिए पूरे अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी घोषित की जाएगी। ट्रंप ने अपने एक्स अकाउंट से टॉम फिटन नाम के यूजर के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए इस बात की पुष्टि की है।

टॉम ने एक्स पर पोस्ट किया था कि ट्रंप प्रशासन अमेरिका में जल्दी ही नेशनल इमरजेंसी लगाने की तैयारी में है। इसके जरिए देश में घुसपैठियों को सेना की मदद से बाहर निकालने में मदद मिलने वाली है। इसके जवाब में ट्रंप ने रिपोस्ट करते हुए इस बात की पुष्टि की थी।

#### सुरक्षा एजेंट्स कर रहे बदमाशी

*ट्रंप के सीमा सुरक्षा प्रमुख होमन ने अपनी व्यक्तिगत अनुभवों को शेयर करते हुए कहा कि सुरक्षा एजेंटों को अब अवैध प्रवासियों को रोकने के बजाय उन्हें वो ट्रैवेल एजेंट की तरह काम करते हुए देखा जा सकता है। ये एजेंट बिना किसी रोकटोक के अवैध प्रवासियों को अमेरिका भेज रहे हैं।*

#### 4 लाख लोगों को किया गया चिन्हित

वहीं अवैध प्रवासियों को लेकर ट्रंप के सीमा सुरक्षा प्रमुख टॉम होमन ने डेमोक्रेटिक शासित स्टेट को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी राज्य उनके मुहिम का विरोध करेंगे या फिर सहयोग करने से इनकार करते हैं तो उन्हें खुद ब खुद रास्ते से हट जाना चाहिए। इसके साथ ही टॉम होमन ने आगे बताया कि ट्रंप प्रशासन पहले देश में रह रहे अवैध प्रवासियों को बाहर करेगा।

इसके लिए आपराधिक रिकॉर्ड वाले 4 लाख 25 हजार लोगों को चिन्हित किया गया है। वहीं अमेरिका में रहने वाले अवैध प्रवासियों की बात करें तो आंकड़े बताते हैं कि वहां रहने वाला हर चौथा व्यक्ति अवैध है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड के आंकड़ों के मुताबिक साल 2020 के बाद में अमेरिका में अवैध प्रवासियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है।

ऐतिहासिक

डा. रामचंद्र सिंहदेव

## कोरियागढ़ का सांस्कृतिक विरासत




सोनहत के निकट मेण्ड्रा ग्राम के उत्तर में स्थित पहाड़ियां, बालंद पहाड़ कहलाती है। डाल्टन के अनुसार कोल राजा एवं गोंड जमींदारी ने मिलकर बालंद शासकों को कोरिया से खदेड़ दिया। कोल जाति कौच कोक के नाम से जानी जाती थी। कहा जाता है कि इन्होंने ग्यारह पीढ़ियों तक शासन किया। एक मतानुसार इनकी राजधानी कोरियागढ़ थी। कोरियागढ़ एक पठार है। यहां से कुछ दूर तक फैले भग्नावशेषों के निकट एक बावड़ी है। कोल राजाओं की राजधानी पोड़ी के पास बचरा ग्राम में थी, तथा बाद में तत्कालीन शासक द्वारा कोरियागढ़ में राजधानी का निर्माण कराया जा रहा था। बचरा ग्राम में आज भी एक टीला है। ग्रामीणों के अनुसार कोल शासकों का निवास वहीं था। यह भी संभव है कि कोरिया राज्य के दक्षिणी भाग पर कोल राजाओं एवं उत्तरी भाग पर बालंद राजाओं का शासन रहा होगा।

सुरता

डा. रामकुमार बेहार

## दक्षिण कोसल के कुशल शासक थे इंद्रबल




उदयन का पुत्र इंद्रबल पांडुवंश का पहला व्यक्ति है जिसने दक्षिण कोसल के कुछ भागों पर राज्य किया। भरतबल भी उसका ही नाम था। उनका विवाह कोसल की राजकुमारी लोक प्रकाशा से हुआ था, जो अमरार्य कुल की राजकुमारी थी। कुछ इतिहासकारों ने व्याघ्रराज को भी इसी कुल का माना है, कुछ इन्हें शरभपुरिय मानते हैं। इंद्रवात शरभपुरिय सुदेवराज के यहां सर्वाधिकारकृत पद पर कार्यरत एक शक्तिशाली व्यक्ति था। इंद्रबल को खरौद के आसपास का भाग शासन के लिए सौंपा गया था। खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर का निर्माण इंद्रबल का पुत्र ईशानदेव ने कराया था। वहां प्राप्त शिलालेख से ज्ञात होता है कि इंद्रबल एक स्वतंत्र शासक था। अपने नाम पर इंद्रपुर नगर की स्थापना उसने की थी, यही इंद्रपुर ही वर्तमान में खरौद है। लक्ष्मणेश्वर मंदिर का लक्ष्मण शेष या विष्णुजी से कोई संबंध नहीं है। वस्तुतः यहां की परंपरा के अनुसार इस मंदिर में एक लाख चावल चढ़ाना चाहिए और एक लाख की संख्या के आधार पर ही इस मंदिर को लक्ष्मणेश्वर मंदिर कहा जाता है। पूर्वी कोसल पर नजर रखने के लिए महानदी के तट पर खरौद के क्षेत्र में उसने इंद्रपुर नगर की स्थापना की, जो इस विषय का प्रमुख केन्द्र था। सुदेवराज की मृत्यु के बाद शरभपुर पर शूरबल के राज्य की स्थापना हुई। प्रवरराज तथा शूरबल का आपस में युद्ध हुआ, जिसमें इंद्रबल के चाचा शूरबल का साथ दिया और प्रवरराज को पराजित कर दक्षिण कोसल पर अधिकार स्थापित कर लिया। शरभराज ने अपने स्वामी वाकाटकों के साथ जो किया, उनकी पारिवारिक कहल का लाभ उठाकर स्वतंत्र शासक बन बैठा।

पर्यटन

विश्वनाथ देवांगन

## अनेक खूबियों में परेवा बाड़ी



बस्तर की खूबसूरत वादियों में परेवा बाड़ी का नाम भी प्रमुखता से लिया जाता है। कांगेर वैली के आसपास इस सुरम्य स्थल को देखा जा सकता है। सबरी नदी का पानी भी रिस कर यहां आता रहता है। कटी फटी चट्टानों को यहां तराशे रूप की तरह देखा जा सकता है। घने जंगलों के बीच यहां का वातावरण मन को शांति प्रदान करता है। कई कि मी में यहां चट्टान की विभिन्न आकृति देखी जा सकती हैं। हर चट्टान का अपना अलग स्वरूप होता है। कई चट्टान तो खाई जैसे भी दिखाई पड़ते हैं जहां वर्ष भर पानी भरा रहता है। यहां का तापमान वर्ष भर लगभग एक जैसा होता है। इसलिए पर्यटक बारहों महीने प्रकृति का आनंद लेने यहां आते रहते हैं।

पूरे फसल की कटाई की अंतिम दिन बढ़ोना किया जाता है। बढ़ोना का तात्पर्य- बढ़ोतरी करना है। इस दिन धान की कटाई करने वाले सभी महिला पुरुष मजदूर प्रतिदिन की भांति समय पर खेत पहुंच जाते हैं। इधर खेत मालिक किसान भी हूम, धूप, गुलाल ,अगरबत्ती ,नारियल आदि पूजा सामग्री और प्रसाद के लिए मिठाई, मुर्रा जो भी बन पड़ता है, लेकर अपने परिवार के साथ खेत पहुंचता है। खेत के एक कोने में धान की खड़ी फसल रहता है, जहां खेत मालिक किसान धूप दीप जलाकर वह नारियल तोड़कर पूजा करता है ।



# किसान के उत्साह के प्रतीक आय बढ़ोना



परंपराः भोलाराम सिन्हा गुरुजी

छत्तीसगढ़ की अधिकांश संस्कृति एवं परंपरा कृषि संस्कृति पर आधारित है। धान का कटोरा के नाम से जग प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ में धान को अन्नपूर्णा के रूप में प्रतिष्ठित कर पग-पग पर पूजन वंदन किया जाता है। सर्वप्रथम धान की बुवाई के पूर्व बैशाख माह में अक्ती पर्व के दिन दोना में धान भरकर ग्राम देवता ठाकुर दीया में चढ़ाया जाता है। बैगा द्वारा पूजा करने के बाद दोना के धान को किसान अपने खेत में ले जाता है और पूजन वंदन करके उस दोने के धान को बीज के रूप में बोकर धान बुवाई का मुहूर्त कर देता है। बुवाई के बाद समय आने पर वर्षा होती है, धान जगता है और पौधे बढ़ते हैं। इस तरह धान का पेड़ बढ़ जाने का गर्भाशय की स्थिति में आ जाने पर गर्भ पूजा करने की प्रथा है।

गर्भ पूजा के इस कार्य को भी गाँव के बैगा के साथ किसान लोग सामूहिक रूप से करते हैं। अधिकांश गाँव में भादो माह में मनाया जाने वाला पोला पर्व के पूर्व रात्रि में खेतो के देवी देवताओं में धूप दीप जलाकर गर्भ पूजा किया जाता है।

गर्भ पूजा के कुछ दिनों बाद धान के पौधों में बालियां निकल आती है फिर बाल बांधने की पूजा प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस कार्य को भी गाँव के पुजारी बैगा द्वारा ही किया जाता है। सबसे पहले गाँव के सभी देवी देवताओं में धान की बाली चढ़ाई जाती है। उसके बाद बैगा ही गाँव के सभी किसान भाइयों के घरों में जाकर धान की एक- एक, दो- दो बालियां बांधते हैं। इस तरह खेतों के धान पक कर जब काटने लायक



तैयार हो जाता है, तब हूम धूप जलाकर खड़ी फसल की पूजा करके कटाई प्रारंभ करते हैं।

इस प्रकार पूरे फसल की कटाई की अंतिम दिन बढ़ोना किया जाता है। बढ़ोना का तात्पर्य- बढ़ोतरी करना है। इस दिन धान की कटाई करने वाले सभी महिला पुरुष मजदूर प्रतिदिन की भांति समय पर खेत पहुंच जाते हैं। इधर खेत मालिक किसान भी हूम, धूप, गुलाल ,अगरबत्ती ,नारियल आदि पूजा सामग्री और प्रसाद के लिए मिठाई, मुर्रा जो भी बन पड़ता है, लेकर अपने परिवार के साथ खेत पहुंचता है। खेत के एक कोने में धान की खड़ी फसल रहता है, जहां खेत मालिक किसान धूप दीप जलाकर वह नारियल तोड़कर पूजा करता है । फिर सभी मजदूर और किसान एक दूसरे के माथे पर गुलाल का टीका लगाकर यथा योग्य अभिवादन करते हैं। किसान अपने सभी मजदूरों को धान फसल का एक-एक बीड़ा इनाम के रूप में देता है, तथा प्रसाद का वितरण किया जाता है और फिर बढ़ोना बाढ़गे कहते हुए सभी जयकारा लगाते हैं। इस कड़ी में धान ढुलाई के कार्यों में लगे बैलगाड़ी में फंदे हुए बैलों की भी पूजा की जाती है। इसके बाद किसान परिवार और सभी मजदूर बाजा -गाजा के साथ आतिशबाजी करते हुए घर आते हैं। इस प्रकार बढ़ोना बढ़ोने की यह परंपरा अन्नपूर्णा माता का सम्मान और किसानों की समृद्धि के लिए किया जाने वाला प्रथा का प्रतीक है।



# बिहाव संबंधी अड़चन ल दूरिहाथे बिहाव पंचमी

घेरी बेरी रिश्ता टूटत रथे, तिंखरो रिश्ता जुड़ जथे। बिहाव पंचमी के अइसे महत्तम हे। हताशा निराशा ल छोड़ के दिल मं आस जगाके बिहाव पंचमी के पूजा ल विश्वास के साथ करे मं निश्चित सफलता मिलथे।

अग्घन महीना के अंजोरी पाख के पंचमी तिथि ल बिहाव पंचमी के रूप मं मनाय जाथे। त्रेताजुग मं ये दिन श्रीराम अउ सीता के बिहाव होय रिहिसे। ये दिन ल बहुत शुभ माने जाथे। सीता- राम के बिहाव के साल गिरह के रूप मं उंखर बिहाव के विधि विधान ले नेंग जोग करके उत्सव मनाथें। ख़ास तौर ले मिथिला अंचल अउ नेपाल मं बने धूमधाम से मनाथें। बिहाव के गीत गाथें, नाचथें कूदथें, रामायण पढ़थें, खुशी मनाथें। वरत उपवास रखथें, बिहाव संबंधी समस्या ल दूर करे के प्रार्थना करथें। कहे जाथे कोनो नोनी बाबू के बिहाव मं देरी होवथे, रिश्ता नइ जुड़थे, जुड़ के टूट जावथे ओ मन ल बिहाव पंचमी के दिन श्रद्धापूर्वक उपास करना चाही। रामायण पढ़ना चाही, रामायण मं सीता- राम बिहाव के पाठ करना चाही। सीता राम ले विनती करना चाही के उंखर बिहाव मं अवइया समस्या बाधा ल दूर करके अच्छा रिश्ता लगा दे। परेम



तीज तिहार : डा. नीलकंठ देवांगन

पिरीत ले अउ भक्ति भाव ले पूजा करे ले रिश्ता लगे के पूरा संभावना बन जथे। घेरी बेरी रिश्ता टूटत रथे, तिंखरो रिश्ता जुड़ जथे। बिहाव पंचमी के अइसे महत्तम हे। हताशा निराशा ल छोड़ के दिल मं आस जगाके बिहाव पंचमी के पूजा ल विश्वास के साथ करे मं निश्चित सफलता मिलथे। जिंखर बिहाव होगे हे अउ छोटे मोटे बिघन बाधा, समस्या, कलह, कलेश, तकरार, मन मुटाव होवत रथे, त ओमन ल ये सब समस्या से बचे बर अउ वैवाहिक संबंध मं मधुरता लाय बर, एक दूसर के प्रति समझ अउ विश्वास बढाय बर बिहाव पंचमी के उपास जरूर करना चाही। सीता राम के सुंदर बिहाव रचावंय। नेम धेम ले नेंग जोग करंय। परेम के साथ सीताराम के बिहाव प्रसंग के रामायण- पाठ करंय अउ प्रार्थना करंय के हमर दाम्पत्य जीवन ल सुखी खुशहाल बना दे, हमर वैवाहिक जीवन आनंद से भरपूर हो जाय अउ परिवार मं सुख शांति, परेम, समृद्धि बने रहय।फेर देखव- सबो कटुता, कलेश दूर होके गृहस्थी मं मिठास घुल जाही, परेम पिरीत बाढ़ जाही, जिनगी मं मजा आवन लगही। जउन दम्पति के संतान नइ होवथे, ओमन ल ये विवाह पंचमी के पूजा ल निष्ठा के साथ करना चाही अउ संतान प्राप्ति के कामना करना चाही। सीता राम के लव कुश जइसे यशस्वी पुत्र रिहिन हे। येला स्मृति मं रख संतान सुख के इच्छा रख के ये पूजा ल नियम से करना चाही। जेखर संतान नइ नांदय, अलप काल मं मौत हो जथे, उहू मन ल ये पूजा ले सीता राम से प्रार्थना करना चाही के उंखर संतान ल अल्प काल ले बचा के लंबा उमर दे। राम रक्षा श्रोत के पाठ करना चाही, जरूर लाभ मिलही। जेखर लइका मन के तबियत ठीक नइ रहय, फिसिर फासर करत रिथें, उहू मन ल बिहाव पंचमी के वरत करके स्वास्थ्य लाभ के बिनती करना चाही। संतान सुख मिलही।

लोक साहित्य

डा. मंजू शर्मा

## आंचलिक गद्य साहित्य का स्वरूप

छत्तीसगढ़ी साहित्य में पद्य के पूर्व ही गद्य साहित्य का इतिहास मिलता है तथापि पद्य की तुलना में गद्य साहित्य कम मात्रा में लिखित है। इसका कारण गद्य के प्रकाशन की समस्या और प्रकाश मंच का अभाव है। छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य में प्रमुख रूप से उपन्यास, कहानी, नाटक, निबन्ध, समीक्षा, जीवनी, पत्रकारिता में क्रमिक विकास दिखता है। छत्तीसगढ़ी दिग्दर्शक के अंतर्गत ' छत्तीसगढ़ी गद्य का विभिन्न स्वरूप ' आलेख में मदनलाल गुप्ता छत्तीसगढ़ी गद्य का आरंभिक उन्मेष 18 वीं सदी से स्वीकारते हैं। दंतेवाड़ा के शिलालेख (1705 )और कल्चुरी नरेश के आरंग अभिलेख (1724) में अंकित है। छत्तीसगढ़ी गद्य की शुरुआत 1890 में प्रकाशित हीरालाल काव्योपाध्याय के छत्तीसगढ़ी व्याकरण में चंदा के कहिनी, रामायण के कथा, ढोला के क़हिनी यह कहानियां संग्रहित हैं। सन 1905 में पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय प्रणीत कलिकाल नामक नाटक का प्रकाशन हिंदी मास्टर ऐतिहासिक घटना है। इसी तरह पंडित शुक्लाल पांडेय की गीया एकांकी संकलन है। पंडित बंशीधर शर्मा द्वारा रचित हीरु के कहिनी एक लंबी कहानी है। पंडित सीताराम मिश्र की कहानी सुरही गईया में ही विकास नामक पत्रिका में प्रकाशित होकर छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य की सभी विधाओं में समृद्ध हुआ।



परब विशेष

रविन्द्र गिन्नौरे

# धान की फसल आने पर आनंद के लिए घिर्रा उत्सव



सरगुजा जिले में धान की फसल जब घर आती है तब घिर्रा उत्सव शुरू होता है। सरगुजा भाषा में इसका अर्थ मदमस्त होकर नाचना - कूदना होता है। पौष माह शुक्ल पक्ष में सबसे पहले चंपा घिर्रा होता है। फिर क्रम से सन्ना, सामरी, कुसमी, मुलसी और डीपाडी घिर्रा होता है। सबसे आखरी में शंकरगढ़ का घिर्रा बड़े उल्लास के साथ संपन्न होता है।

इस उत्सव में लोग तरह तरह के मुखौटे लगाते हैं। परंपरानुसार गांव का बैगा शुभ घड़ी देख कर मुआ का अनुष्ठान करता है। बकरा और मुर्गा की बलि दी जाती है। गांव में बनाए गए मचान पर यह क्रिया सम्पन्न होती है। इसके बाद आयोजन शुरू होता है। मंच पर नंगाडा, ढोल और मांदर की थाप पर युवकों की टोलियां नाचते गांव की ओर




निकल पड़ते हैं। हर गांव की टोली में सबसे पहले लंबे बांस पर झंडा लगा होता है, इसे बैरक कहते हैं। इस उत्सव में मुख्य आकर्षण मुखौटा लगाकर नाचने वाला व्यक्ति होता है, जो सबकी नजर में होता है। यह मुआ मसान का स्वांग भरता है। उसके साथ युवक युवतियां, बच्चे बूढ़े, सब हुल्लड़ करते हैं। हास परिहास के साथ एक दूसरे पर तानाकसी होती है। बात गाली गलौज तक उतर आती है। लाठियां भी बरस पड़ती है। शक्ति परीक्षण में कभी कभी लोग मारे भी जाते हैं। मगर यह सारा झगड़ा उत्सव के साथ ही समाप्त हो जाता है। यह उत्सव पड़ों, कंवर, उरांव, कोरवा, नगेसिया और घसिया जनजातियां एक होकर मनाते हैं। बदले परिवेश में अभिजात्य वर्ग भी शामिल होने लगा है।

**अगले साल ईद पर रिलीज होगी 'सिकंदर' : मुंबई।** 'सिकंदर' सलमान खान और निर्देशक एआर मुरुगादॉस की पहली फिल्म है। दोनों मिलकर एक एक्शन ड्रामा फिल्म बना रहे हैं, जिसमें रश्मिका मंदाना, सत्यराज और काजल अग्रवाल भी हैं। फिल्म की शूटिंग जून 2024 में मुंबई में शुरू हो चुकी है। फिल्म में अभिनेता शरमन जोशी भी हैं। यह एक्शन से भरपूर फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है।

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS शिव मस्सा नाशक

# शादी के जोड़े में दिखेगी परंपराओं की झलक....

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य जल्द शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हाल ही में वायरल हुए उनके वेडिंग कार्ड के मुताबिक दोनों 4 दिसंबर को शादी करने वाले हैं। फिलहाल दोनों घरों में शादी की तैयारियां चल रही हैं। शोभिता धुलिपाला अपने खास दिन कैसी ड्रेस पहनने वाली हैं, इसे लेकर भी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री ने अपनी शादी की ड्रेस फाइनल कर ली है। करीब दो साल एक-दूसरे को डेट करने के बाद नागा चैतन्य और शोभिता ने इस साल अगस्त में सगाई की। अब अगले महीने इनके घर शहनाई बजने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी पर शोभिता जो ड्रेस पहनने वाली हैं, वह कोई डिजाइनर ड्रेस नहीं हैं। अभिनेत्री ने ऐसी ड्रेस का चुनाव किया है, जिसमें उनकी परंपराओं की झलक होगी। वे शादी के दिन कांजीवरम साड़ी पहनने वाली हैं। इस पर जरी का काम होगा और वह भी असली सोने से। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि शोभिता धुलिपाला ने अपनी शादी की ड्रेस का चुनाव खुद किया है। उन्होंने पूरी खरीदारी अपनी मां के साथ मिलकर की है। कहा जा रहा है कि शोभिता धुलिपाला शादी की तैयारियों के दौरान हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दे रही हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# कभी अकाउंट में बचे थे सिर्फ 556 रुपए...

## आज एक्टिंग के दम पर लाखों कमाता है ये एक्टर



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसे एक्टर्स हैं। जिन्होंने बाहर से आकर खुद को बेहतरीन एक्टिंग के जरिए इंडस्ट्री में स्थापित किया है। आज हम भी एक ऐसे ही सितारे की बात करने वाले हैं। जो बॉलीवुड का फेमस चेहरा है। लेकिन, एक दौर उनकी लाइफ में ऐसा था, जब उनके अकाउंट में सिर्फ 556 रुपए ही बचे थे। दरअसल हम बात कर रहे हैं एक्टर अपारशक्ति खुराना की। अपारशक्ति का जन्म चंडीगढ़ में हुआ था. वो बी-टाउन स्टार आयुष्मान खुराना के छोटे भाई हैं। अपारशक्ति खुराना ने अपने करियर बतौर रेडियो जॉकी शुरू किया था। इसके बाद वो वीजे बने। फिर साल 2016 में अपारशक्ति की किस्मत ने यूटर्न लिया और उन्हें आमिर खान के साथ फिल्म 'दंगल' में काम करने का मौका मिला। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया था कि एक वक्त में उनके अकाउंट में सिर्फ 556 रुपए बचे थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। वहीं 'दंगल' के बाद अपारशक्ति के करियर ने उड़ान भरी और इसके बाद वो 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'स्त्री', 'लुकाछिपी', 'पति-पत्नी और वो' और 'बाला' समेत कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आए। सभी में उनकी एक्टिंग फैंस ने काफी पसंद की। आखिरी बार एक्टर को राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर के साथ फिल्म 'स्त्री 2' में देखा गया था। ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे है। खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए 70 लाख रुपए की फीस चार्ज की थी।

## टीवी मसाला



# 'हप्पू की उलटन पलटन' में हुई नई रज्जो की एंट्री!

**नई दिल्ली।** धारावाहिक 'हप्पू की उलटन पलटन' में फिर से कुछ फेर बदल देखने को मिल रहे हैं। राजेश का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा के किरदार 'रज्जो' में कुछ बदलाव किए गए हैं। मेकर्स ने रज्जो को बदल दिया है। जी हां, रज्जो को बदल दिया है मतलब कि इस शो में गीतांजलि मिश्रा के दो किरदार दिखाई देने वाले हैं। अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा ने इस शो के प्रोमो वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। वीडियो में रज्जो भगवान से प्रार्थना करती नजर आ रही हैं, 'हे भगवान कुछ ऐसा कर दो कि घरवालों को मेरी अहमियत पता चल जाए'। इसके बाद वे किडनेप हो जाती हैं और घर में होती है नई रज्जो की एंट्री। गीतांजलि मिश्रा के किरदार और लुक में भी कुछ अंतर किए गए हैं। टीवी के साथ ही सोशल मीडिया पर भी प्रशंसक उन्हें बहुत पसंद करते हैं। शो के नए लुक को भी उन्होंने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट में गीतांजलि मिश्रा ने पोस्ट किया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

हमारा आशियानी
रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

Appointment आवश्यकता

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें 9343467254, 7470490884.(RO-6410)

आवश्यकता है- OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक/युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, संपर्क करे, स्मृति नगर ,भिलाई (छ.ग.) 8818877409, 9202140074(RO-6413)

सेल्समैन
आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु लड़के /लड़कियां एवं सेल्समैन की वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें- राजेश होजियरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर-1 पंडरी रायपुर- 9407923601, 9826908201.(RO-1011)

छोटा विज्ञापन

टीचर
आवश्यकता है- नर्सरी से 8वीं इंग्लिश मीडियम हेतु टीचर और साफ सफाई आया बाई गाड़ी ड्राइवर की आवश्यकता है साई शिक्षा पब्लिक स्कूल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबाहर रायपुर 9406250678.(RO-1010)

कुली/मिस्त्री
आवश्यकता है- कुली काम के लिए 04 मजदुर आवास व्यवस्था उपलब्ध/ दाल मिल में किए हुए या अनाज लाईन के कर्मचारी पद 01/ दाल मिल के लिए अनुभवी मिस्त्री की। संपर्क कन्हैयालाल संतोषकुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डू विधान सभा रोड रायपुर- 9826141178. (RO-6411)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने के हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की एवं टाटा ऐस चलाने ड्राइवर की आवश्यकता संपर्कः- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 9131139179.(RO-3111)

क्लासीफाईड

सेल्समैन/सेल्सगर्ल
आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178.(RO-3102)

आवश्यकता है- सेल्स गर्ल्स एवं चौकीदार की आवश्यकता है ओम ज्वलेर्स शॉप नं.- 64b इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो नं.-6395)

चिकित्साकर्मी
आवश्यकता है- आर्शीवाद नर्सिंग होम सुपेला में कार्य करने हेतू स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसरा (1)PRO (2)B.H.M.S (3)B.A.M.S(4)BSC.N नर्सिंग (5)GNM (6)ANM (7)BEMS (8)BAMS (AM) (9) आयाबाई (10) ट्रेंड/अनट्रेंड स्टाफ,समय 2pm से 7pm भिलाई मो. 0788-4903590, 96850-62377 (आरो न.-629)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- महिमा हॉस्पिटल , उतई भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैं:- MBBS-5पद , BSC/ GNM/ ANM (Nursing)- मेल 10-पद/फीमेल 10-पद, ICU इंचार्ज- मेल 10- पद/ फीमेल 10- पद, BAMS Dr.-5 पद ,X Ray Tech.-5 पद, Lab Tech.-5 पद,OT Tech.-5 पद,फ्लोर मैनेजर (12वी पास) - 5पद, Sonologist-2 पद, Radiologist-(MD/DMRD/DNB/DMRE )-2 पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी/नये लड़के चाहिए-5 पद, संपर्क करें- 93031-58018, 75870-08451, 99071-27097 (आरो नं. 6393)

घरेलु कार्य/ड्रायवर
आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में घरेलू काम , झाड़ु पोंछा, चौका, बर्तन तथा साफ सफाई के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, तथा एक ड्राइवर की भी आवश्यकता है, संपर्क करें 94252 05358.(RO-22)

हरिभूमि क्लासीफाईड

मशीन ऑपरेटर
टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 8462933820 8357065592

सुपरवाइजर
आवश्यकता है- सिविल कार्य एवं गोडाऊन की देख रेख हेतु भनपुरी में सुपरवाइजर की आवश्यकता है। संपर्क करें मोबाइल - 9424200027.(RO-1235)

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है, योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000/- (रहना फ्री) ट्रेंनिंग के बाद कमाए 20,000 से 25,000, संपर्कः - 7389769528.(RO-3109)

अन्य
आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9102935834 (RO-3051)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.(RO-814)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, CALL // WHATSAPP करे : - 7762065867.(RO-3083)

Business व्यापार
व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

टॉवर
टॉवर लगवाए- मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 9993054415.(RO-815)

Finance फायनेंस
फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबरः- 9350674841, 9350674841.(RO-3068)

फाइनेंस - मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छुट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजो से सावधान) संपर्क मोबाइलः- 9319028472.(RO-3108)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Astrology ज्योतिष
ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखाइया "बईगा" सब्बो समस्या के समाधान काली माई के शक्ति से पूजा पाठ लड़ाई- झंझट, जुन्ना बीमारी, बैरीले छुटकारा, बिहाव में देरी, लइका होय में देरी, पढ़ई में मन नई लागय ता एक बार अवश्य मिलव मो. 8461886239.(RO-6000)

ज्योतिष - हर समस्या का समाधान आपके घर किसी ने किया कराया, भूत प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृह कलेश, दवाई का ना लगना या और कोई भी बाधा हो तो खुली आँखो से दिखाऊंगा। दुःखिया एक बार फोन जरूर करें। पताः- दुर्ग, भिलाई मो.- 7404178317. (आरो न.-627)

Property प्रापर्टी

प्लाट
बेचना है - नई राजधानी निमोरा में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स उपलब्ध! मंत्रालय से मात्र 5 किमी की दूरी पर शानदार लोकेशन में फार्म हाउस के लिए प्लॉट्स। विभिन्न साइज उपलब्ध- 10,000, 5,000, 2,500 वर्गफीट रेटः- केवल 431 रुपए प्रति वर्गफीट इस बेहतरीन अवसर को हाथ से न जाने दें! संपर्कः- 9165586666, 9584444523.(RO-3099)

बेचना है - कुम्हारी में लोट्स फेस-5 में शानदार ऑफर! अब टी.एन.सी अप्रूव्ड प्लॉट्स पर 90% बैंक फाइनेंस के साथ 1100/- से घटकर केवल 851/- प्रति वर्गफीट पर उपलब्ध। ऑफर सिर्फ इस महीने के 30 तारीख तक है और प्लॉट्स सीमित हैं। ब्रोकर संपर्क न करें। केवल इन्वेस्टर्स संपर्क करें। मोबाइलः - 9165586666, 9584444523.(RO-3100)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

बेचना है - 1000- 1000 वर्गफीट के 2 आवासीय डाइवर्टेड कॉर्नर प्लॉट, शिवम एजुकेशन के पास, सत्यम विहार कॉलोनी, रायपुरा, अर्जेंट बेचना है। 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523.(RO-3098)

मकान
मकान बेचना है- पद्मनाभपुर, दुर्ग में नया मकान बेचना है, सेमी-फर्निश्ड, बेहतरीन गुणवत्ता, बाजार, परिवहन, स्टेशनों से बेहतरीन कनेक्टिविटी, मेन रोड के पास। संपर्क करें- 9301411550.(आरो न.-1830)

वाहन बाजार
ट्रक बाजार- 100+ कामर्शियलवाहनों का मेला, अंबे मोटर्स चोलामंडलम फायनेंस कंपनी के द्वारा तारीख 21,22 नवंबर को सरोना टोयोटा शो रुम के सामने रिंग रोड नंबर -1 रायपुर 8827111877 9770111122.(RO-398)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

## खबर संक्षेप

### लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरा फरार

**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से एक आरोपी फरार है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पावर हाउस निवासी कृष्णा देवांगन 17नवम्बर की दोपहर निरोस कंपनी हथखोज से 14 चक्का में माल लोड कर मारूति पेट्रोल पंप उमदा डीजल भरवाने निकला था। राम धरमकांटा के पास पीछे से बाइक सीजी 07 सी के 2609 सवार तीन युवक ट्रक के सामने बाइक को अडा दिया। रास्ता रोक कर जबरन हाथ मुक्के से मारपीट की। जेब में रखे 5 हजार रूपये लूटकर फरार हो गए। पतासाजी के दौरान पुलिस को पता पता चला कि युवक गौतम नगर, गली नं. 6 खुर्सीपार निवासी कुलदीप उर्फ मुन्ना चौहान, भिलाई तीन वासुदेव यादव, मनीष राजपूत पीडित के साथ मारपीट कर लूट के फरार हुए थे। आरोपी को पकड़ने के लिए टीआई महेश कुमार ध्रुव व उनकी टीम जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप चौहान,वासुदेव यादव उमदा के ठाकुर होटल के पास मिले। दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस थाने लाई।

### उधारी पैसा जमा नहीं करने पर दुकानदार ने युवक को पीटा

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत शांतिपारा में उधारी का पैसा नहीं देने पर दुकानदार ने युवक की डंडे से बेताहशा पिटाई कर घायल कर दिया। आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। युवक का कहना है कि उसकी पत्नी ने आरोपी के दुकान से कुछ सामान लिया था, जिसका पैसा 6 माह के बाद भी नहीं दे पाने पर आरोपी ने इसी बात को लेकर मारपीट किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे शांतिपारा बांदे निवासी 32 वर्षीय मिहिर मृधा पिता बबलू मृधा ने पुलिस को बताया कि मैं राजमिस्त्री व मजदूरी का काम करता हूं। करीबन 6 माह पहले शांतिपारा निवासी जयदेव सिंग पिता अमृत सिंग के किराना दुकान से मेरी पत्नी रेश्मा मृधा ने 200 रुपए का समान उधारी में ले आई थी, जिसका पैसा जमा नहीं कर पाया था। आरोपी जयदेव सिंग ने 17 नवंबर को सुबह साढ़े 11 बजे मेरे से उधारी का पैसा मांगा तो मैं बोला कि अभी पैसा नहीं है, तो दुकानदार जयदेव गुस्सा में आकर 6 माह से पैसा नहीं दे रहा है, बोलते हुए गाली देने लगा और हाथ मुक्का से मारपीट किया।

**समस्या:** ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग हाथियों के दल पर रखे हुए है नजर

# पंडरिया ब्लाक के जंगलों में फिर आ धमका चार सदस्यीय हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

करीब-करीब साल भर बाद एक बार फिर जंगली हांथियों का दल कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड के सीमावर्ती वनांचल ग्रामों में आ धमका है। बताया जाता है कि चार हांथियों के दल ने सोमवार की देरशाम अचानकमार के जंगलों से होते हुए जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम चेंद्रादादर, तिंगड्डा पहुंचा है। हांथियों के इस दल के गांव में प्रवेश करने की भनक लगते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और उन्होने तत्काल इसकी जानकारी पंडरिया के क्षेत्रीय वन महकमे को दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला भी हरकत में आ गया है और उसने मौके पर पहुंचकर जंगली हांथियों की गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से मुनादी भी करा दी है कि कोई भी ग्रामीण जंगली हांथियों के करीब न जाए और उन्हें पटाखे फोड़कर डराने अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करे। वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगलों की तरफ न जाने और रात के समय बाहर न घूमने की भी समझाईश दी है। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक हाथी मध्य प्रदेश से कवर्धा पहुंचे है। हाथियों के इस झुंड में कुल चार हाथी है जिसमें एक नर हाथी दो मादा और एक शावक है। जो पिछले एक महिने से कबीरधाम जिला से लगे मध्यप्रदेश के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चमकी के जंगल में डेरा जमाए हुए थे। सोमवार को मध्यप्रदेश वन विभाग की तरफ से हाथियों को खदेड़ा गया तो हाथियों का दल छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में दाखिल हो गया।



### किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हाथी

वनांचन से निकलकर आई जानकारी के मुताबिक हाथियों का दल फिलहाल चेंद्रादादर, तिगड्डा गांव में मौजूद हैं। कबीरधाम में दाखिल होने के दौरान हाथियों का दल जिस रास्ते से पहुंचा उस रास्ते में पड़ने वाले खेत में लगी कोदो, कुटकी, ज्वार की फसल को रौंद दिया है। भोजन की तलाश में हाथी जिले के अंदर आगे बढ़ रहे हैं। माना जा रहा है कि इस समय वनांचल क्षेत्र के खेतों में भुट्टा, गन्ना की फसल तक अगर हाथी का दल पहुंचा गया तो उनको खदेड़ना मुश्किल हो जाएगा क्योंकि गन्ना हाथियों का पसंदीदा भोजन है। वहीं खबर मिली है कि हांथियों के दल ने कुछ ग्रामीणों के कच्चे मकानो को भी क्षति पहुंचाई है।

## एनएच को पार कर फिर पहुंचा हाथी

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलो मीटर दूर नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में हनुमान मंदिर के सामने आज सुबह चार बजे वाहनो की लम्बी काफिला लग गई। कड़ाके के ठंड में वाहन चालक परेशान हो गए क्योंकि नेशनल हाईवे को पार कर एक हाथी मैनपुर वन परिक्षेत्र के जंगल में प्रवेश किया है। हाथी लगभग 3 बजे रात के आसपास सड़क के किनारे पहुंच गया था और इसकी जानकारी लगते ही सुरक्षा के लिहाज से वाहनों को दोनों ओर रोक दिया गया। हाथी लगभग एक घंटे बाद नेशनल हाईवे को पार कर गिरहोला जंगल होते हुए सिंहार काटादोना के जंगल में पहुंच गया है। मिली जानकारी के अनुसार दल से बिछड़कर अकेले घुम रहे यह हाथी गोबरा के जंगल में दस दिनों से डेरा डाला था और कल सोमवार को दोपहर के बाद हाथी मैनपुर के तरफ बढ़ने लगा था जिसके बाद वन विभाग पूरी तरह मुस्तैद था। हाथी आज मैनपुर वन परिक्षेत्र के सिंहार जंगल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। वन विभाग के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद सोरी ने बताया यह हाथी गोबरा जंगल से होते हुए नेशनल हाईवे को पार कर काटादोना के जंगल में पहुंच गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

# पुरैना में फैला टाइफाइड 12 लोगों की जांच में पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम की लापरवाही से पुरैना वार्ड 38 में टाइफाइड फैल गया है। यहां 12 लोगों में टाइफाइड की पुष्टि हुई है और इससे ज्यादा लोगों को इस तरह की शिकायतें हैं। ऐसे लोगों का ब्लड सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। माना जा रहा है कि इलाके में कई जगह गंदे पानी का जमाव है और इसकी वजह से नल का पानी दूषित हो सकता है। सरकारी स्कूल के पीछे गंदे पानी का जमाव है। फूड पॉइजनिंग पहलू पर भी जांच की जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिए सेंपल

स्वास्थ्य विभाग की टीम पुरैना पहुंचकर यहां लोगों के ब्लड सेंपल कलेक्ट किए हैं और जांच के लिए लैब भेजा है। इसके अलावा रिसाली पीएचई विभाग ने पानी के सेंपल जांच करने लिए हैं। लोगों ने बताया कि यहां कई जगह गंदा पानी एकत्र हो गया है। साफ-सफाई नहीं हो पाती। नल पाइप लाइन लिकेज की संभावना है। बोर भी प्रभावित हो सकता है। बुखार के मरीज लगातार बढ़ रहे है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि बीमारी की मुख्य वजह क्या है।

### ये लोग प्रभावित

गौतम सोलंकी, मकसुद अहमद, प्रिती बिनिया, कमल यादव, परमानन्द तांडी, घनश्याम, आयुष, डी पोलम्मा,चुन्नी बाई,एस डी प्रसाद, बैदी और नंदकिशोर सुना।

वार्ड पार्षद पार्वती महानंद ने बताया कि वार्ड के कई लोग टाइफाइड की समस्या से जूझ रहे है। 12 लोगों में टाइफाइड बीमारी की पुष्टि हुई है। इसके अलावा कई लोग बीमार है। लोगों का उपचार और जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया है। विभागीय टीम को घर-घर जाकर सर्वे करने के लिए भी हमने कहा है। वार्डवासियों को जागरूक भी कर रहे है।

### महापौर ने लिया जायजा

सूचना पर महापौर शशि सिन्हा और एमआईसी मंगलवार को पुरैना वार्ड 38 का भ्रमण किया। उन्होंने जल भराव की स्थिति को देखा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मच्छर का प्रकोप भी बढ़ा है। टाइफाइड की शिकायत आ रही है। निचली बस्ती और बस्ती के गंदा पानी के जमावड़े वाले क्षेत्रों का भ्रमण भी की। उन्होंने पानी की जांच समेत ऐसे स्थानों की साफ सफाई के निर्देश दिए जहा गंदा पानी जमा हो रहा है। इस दौरान एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद पार्वती महानंद आदि उपस्थित थे। वही निगम की ओर से प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अमित चंद्राकर उपस्थित थे।

## सहायक ग्रेड तीन में नौकरी लगाने के नाम पर ढाई लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ पैसा वापस नहीं करने पर कराई एफआईआर

कांकेर थाना क्षेत्र के किरगोली के युवक को सहायक ग्रेड तीन पर शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर ठगा गया। आरोपी ठग ने पीड़ित से ढाई लाख रुपए ले लिए और जब पैसा वापस मांगा गया तो पीड़ित को घुमाने लगा। आरोपी ठग से परेशान होकर पीड़ित ने कांकेर थाना में आरोपी के खिलाफ 420 भादवि के तहत मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। थाना में शिकायत करने पहुंचे किरगोली निवासी देवेंद्र कुमार दुग्गा ने पुलिस को बताया कि आरोपी कोरर थानांतर्गत ग्राम बैजनपुरी निवासी लेखराम सिंहा ने नौकरी लगा दूंगा कहकर नौकरी के नाम पर 2 लाख 50 हजार रुपए मांगे। नौकरी मिलने की लालसा में आरोपी को अगल-अगल करके कुल 2 लाख 50 हजार रुपए दे दिया। पैसा लेने के बाद आज कल में नौकरी लग जाएगा कह कर घुमाने लगा। नौकरी नहीं लग रहा करके मैंने पैसा वापिस मांगा तो नहीं दे रहा है। आज कल में पैसा का व्यवस्था करके देता हूं बोलते हुए टालमटोल कर रहा है। आरोपी ने सहायक ग्रेड तीन में शासकीय पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी किया है। आरोपी के द्वारा क्षेत्र के कई लोगों का पैसा लेकर धोखाधड़ी किया है, जिससे कई लोग बहुत ज्यादा ही परेशान है।

## मुख्यमंत्री ने की मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना



दंतेवाड़ा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा प्रवास पर मंगलवार को सपरिवार बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास में नाबालिग सहित तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम टेकापार में हत्या के प्रयास करने के आरोप में बालोद पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 2 नवंबर 2024 को रात्रि करीबन 12:15 बजे की है। रामनगर कलामंच के पास ग्राम टेकापार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गांव के खिलेश चिल्ला रहा था, जिसे प्रार्थी सतीश कुमार यादव निवासी टेकापार ने हल्ला करने से मना किया। इस पर खिलेश पटेल और उसके साथी रोहन जोशी और विधि से संघर्षरत बालक तीनों ने धमकी देते हुए सतीश कुमार यादव की लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। इस बीच खिलेश पटेल ने धारधार हथियार से वार कर चोट पहुँचाया। मामले की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 296, 351(2), 118(1), 3(5), पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन तथा प्रार्थी के डॉक्टरी मुलाहिजा के आधार पर धारा 109 (1) बीएनएस का अपराध घटित होना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 109(1) बीएनएस जोड़कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। आरोपी खिलेश पटेल से पूछताछ करने पर घटना में प्रयुक्त एक थर्माकोल कटर ब्लेड जब्त की गई।

## हेराफेरी के बाद शासन के लाखों रुपए दबाए बैठे हैं पूर्व सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शासकीय राशि की हेराफेरी के बाद कई पूर्व सरपंच सालों से हजारों रूपए दबाए बैठे हैं। प्रशासन से रिकवरी आदेश निकलने के बाद भी वे राशि नहीं चुका रहे हैं। दो सरपंच ऐसे हैं, जिन पर 15 साल पहले से रिकवरी का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश मामले राजस्व न्यायालयों में लंबित हैं। एक न्यायालय से दूसरे न्यायालय में अपील के चलते मामले वहीं के वहीं अटके हैं।

जब भी पंचायत चुनाव होता है, ग्रामीण बड़े ही विश्वास के साथ अपने मुखिया को चुनते हैं। उन पर पूरे गांव के विकास की जिम्मेदारी होती है। शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन उन्हीं के माध्यम से होता है। कई सरपंच इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं, पर कुछ शासकीय योजनाओं में हेराफेरी कर अपनी जेब भरने से नहीं चूकते हैं। ऐसे ही डेढ़ दर्जन मामले सालों से पेंडिंग हैं, जिनमें पूर्व सरपंचों ने अपने कार्यकाल में हजारों, लाखों की हेराफेरी की है। सरपंचों पर वसूली के कुल 19 मामले हैं जिनमें उनसे 1 करोड़ 5 लाख 32 हजार 738 रूपए की वसूली की जानी थी। अब तक 21 लाख 44 हजार 718 रुपए की वसूली हुई है। अभी भी इन पूर्व सरपंचों से 83 लाख 88 हजार 19 रुपए की वसूली बाकी है। इन मामलों में जांच के बाद पूर्व सरपंचों पर रिकवरी के लिए आदेश भी निकाला गया है, लेकिन पूर्व सरपंच राशि चुकाने की बजाय एक के बाद एक उच्च न्यायालयों में अपील करते जा रहे हैं, जिसके चलते मामला लंबा खींच रहा है।




### कोई खा गया बुजुर्गों की पेंशन तो कोई स्कूल का रुपया

जिन पर लोगों ने भरोसा जताया था और कीमती वोट दिए थे, वही विकास के लिए आई राशि को डकार गए। एक मामले में पूर्व सरपंच ने बुजुर्गों के लिए आई पेंशन की राशि को भी नहीं छोड़ा। समग्र विकास, मूलभूत, पंचायत निधि, रेत रायल्टी, 13वें, 14वें वित्त, रोजगार गारंटी, गौण खनिज मद, मुख्यमंत्री सड़क विकास योजना, स्कूल मद, स्वच्छ भारत मिशन, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, राजीव गांधी सेवा केंद्र निर्माण जैसे कई योजनाओं की राशि में हेराफेरी के मामले हैं।

### सर्वाधिक मामले कुरूद के

पूर्व सरपंचों पर वसूली के कुल 19 मामले पेंडिंग हैं। इसमें से अकेले कुरूद जनपद पंचायत के 10 मामले हैं। यहां ईर्रा और रामपुर के पूर्व सरपंचों के खिलाफ वर्ष 2009-10 से प्रकरण चल रहा है। ईर्रा के पूर्व सरपंच से 9 लाख 29 हजार 385 रुपए की वसूली की जानी थी। इसमें से 7 लाख 49 हजार 31 रुपए की वसूली हो चुकी है। रामपुर के पूर्व सरपंच से 1 लाख 17 हजार 300 रुपए वसूले जाने थे। इसमें से उन्होंने मात्र 15 हजार 300 रूपए ही जमा किए हैं। सिलौटी और थुहा के पूर्व सरपंचों पर 2014-15 से मामला पेंडिंग है। थुहा के पूर्व सरपंच धीरे धीरे राशि जमा कर रहे हैं परंतु सिलौटी के पूर्व सरपंच ने एक रूपए भी जमा नहीं किए हैं। कोकड़ी नारी, अछोटी, चरमुड़िया, बगौद के पूर्व सरपंचों पर भी वसूली का मामला पेंडिंग हैं। दो वर्तमान सरपंच के खिलाफ भी मामला है। इसमें से एक तो इसी वित्तीय वर्ष का है। दोनों मामले कुरूद एसडीएम के न्यायालय में हैं।

## धान का अवैध परिवहन करने वाले आरोपियों को वाहन सहित दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



धान खरीदी में सबसे ज्यादा गड़बड़ी कांकेर जिले के पखांजुर तहसील में होती है और हर साल धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है और कई लोग जेल की सलाखों में जा चुके है। पखांजुर क्षेत्र के खरीदी केंद्र का प्रभारी बनने पर बोली लगती है और यह बोली 3 से 4 लाख में लगती है। प्रशासन के द्वारा अभी से सख्ती बरतने पर अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए 3 पिकअप को दबोचा गया और एक व्यापारी के घर से अवैध धान को भी जप्त किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष से 2024-25 के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों से धान खरीदने की कार्रवाई में 14 नवम्बर से प्रारंभ हो गई है। इसी के साथ ही अवैध रूप से धान का परिवहन, भंडारण और विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत जिले में धान के अवैध रूप से परिवहन, भण्डारण, विक्रय करने वालों पर मैदानी अमले द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

H.C. 2024-25 G (676)

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला राजनांदगांव**

**// निविदा सूचना //**

राजनांदगांव, दिनांक 18-11-2024

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक / एफ-10-10/2018/ वाक. (आब)/ पांच/ 2024 नवा रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/आब./ठेका/2024 / 4029, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.06.2024 के अनुपालन में :-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारम्भ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाडे पर दुकान / परिसर लेने बाबत कानूनी भवन मालिकों से निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फायनेंसियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

(1) विदेशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) वार्ड नं. 22 को आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से जी.ई रोड़ में अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो नक्शानुसार।

(2) देशी-विदेशी मदिरा दुकान मंडी बाईपास को समीप के क्षेत्र में ही आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो नक्शानुसार।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 27/11/2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28/11/2024 को 12:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 28/11/2024 को 1:00 बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर
राजनांदगांव छ.ग.

G-242503882/1

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
**CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR**
CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX (C.G. Govt. Undertaking)
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174.Website :www.sldccg.com, Email : office@sldccg.com

**e-Notice Inviting Tender (NIT)**

No.: 03-02/TENDER/e-bidding/TR-233/1976 Raipur, Dtd.: 14.11.2024
Tender No. : 03-02/TENDER/e-bidding/TR-233/ , Raipur, dtd.:
Name of the work:
**Tender for Supply, Installation, Testing and Commissioning of 03 Nos. 300AH 48 V VRLA Battery Set for Main SLDC, Danganiya, Raipur and Backup SLDC, Khedamara, Bhilai.**
Online bids are invited through CSPTCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Contractor / Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria (PQR) for this tender till following date.
**Important Dates:**
Last date for Submission of Tender Document:**10.12.2024, upto 12:00 PM Only**.Date of opening of Tender Document:**10.12.2024 at 12:30 PM.The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com&www.cspc.co.in.**

// Save Electricity //

EXECUTIVE DIRECTOR(SLDC),
CSPTCL, RAIPUR

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**
दूरभाषः 0771-2262540, वेबसाइट : www.prsu.ac.in
ई-मेल : development.prsu@gmail.com

क्र. 775/ विकास / 2024 रायपुर, दिनांक 19/11/2024

**तृतीय रूचि अभिव्यक्ति [Expression of Interest (EoI)]- पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में कैन्टीन संचालन हेतु**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में कैन्टीन संचालन के वार्षिक अनुबंध हेतु सीलबंद लिफाफे में तृतीय रूचि अभिव्यक्ति [Expression of Interest (EoI)] आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक फर्म रूचि अभिव्यक्ति पत्र कार्यालयीन समय में विकास विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में रू.1000 = 00 (एक हजार मात्र) का रसीद प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in में भी देखा जा सकता है। इच्छुक संस्था को अंतिम तिथि तक सीलबंद रूचि अभिव्यक्ति रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से लिफाफा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में जमा करना होगा। सीलबंद रूचि अभिव्यक्ति के ऊपर **"तृतीय रूचि अभिव्यक्ति - पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में कैन्टीन संचालन कार्य हेतु"** अंकित करना होगा। रूचि अभिव्यक्ति में किसी भी प्रकार के परिवर्तन अथवा संशोधन होने पर जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट में प्रदर्शित की जायेगी। संशोधन की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा।

ई.ओ.आई. प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - दिनांक 26/11/2024 समय अपरान्ह 04:00 बजे तक
ई.ओ.आई. प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 28/11/2024 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
ई.ओ.आई. खोलने की तिथि - दिनांक 28/11/2024 समय अपरान्ह 04:00 बजे तक
ई.ओ.आई. खुलने का स्थान - कुलपति सचिवालय सभागार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

टीप :- प्रथम रूचि अभिव्यक्ति [Expression of Interest (EoI)] क्रमांक 509/ विकास /2024 रायपुर, दिनांक 24/07/2024 एवं द्वितीय रूचि अभिव्यक्ति [Expression of Interest (EoI)] क्रमांक 596/विकास / 2024 रायपुर, दिनांक 05/09/2024

कुलसचिव
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

S-42144/2

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (कार्यालय न.सं.उ., छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
सी.आई.एल. U40108CT2003SGC015822, पता- क्वा. नं. 5 एवं 6 पावर हाउस कालोनी, सी.एस.ई.बी. कैम्पस गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
वेबसाईट www.cspc.gov.in, ईमेल-eecitynorth.raipur@cseb.gov.in टेलीफोन नं.- 0771-2574753

**सूचना**

विद्युत लाईनों / उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। **असुविधा के लिये खेद हैं।**

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.11.2024 बुधवार | दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | 33/11 KV रामायणा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. रामायणा फीडर | समता फेस-11, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, सरस्वती नगर, ऋषिकेश नगर, गोकुल नगर गली नं.-5. दिशा कॉलेज एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइये।**
उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी- 2593892, खमतराई-2576317, टाटीबंध 2574755, कबीर नगर-2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर - 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोडकर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन / रोड / तालाब का निर्माण करना अवैधानिक हैं। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग उत्तर
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़**
तृतीय तल, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर- 19, नार्थ ब्लॉक
नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ) पिन-492002
दूरभाष- 0771-2511285 ई-मेलः office.mdnrhm@gmail.com

क्रमांक/NHM/HR/2024/1527/2249 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 19/11/2024

**// संशोधित विज्ञापन सूचना //**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत राज्य स्तर 01) State Programme Manager- NHM, 02) State Epidemiologist- NTEP, 03) State Epidemiologist- IDSP, 04) State Manager- Account, 05) State Consultant- RI, 06) State Consultant- Procurement & Logistics (NTEP ), 07 ) State Consultant Bridge Course, 08) State Consultant- IEC/BCC, 09) State Consultant-AMB, 10) State Consultant-NUHM, 11) Zonal Entomologist, 12 ) Manager- Data (IDSP), 13) Programme Associate- Vaccine & Logistics Management, 14) Programme Associate NVHCP, 15) Programme Assistant QA, 16 ) Accountant, 17) Sr. Secretarial Assistant, 18) Laboratory Supervisor, 19) SDS Pharmacist, 20) Laboratory Technician & 21 ) Insect Collector एवं जिला स्तर के 01) Microbiologist- C&DST (Raigarh), 02) District Programme Manager, 03 ) District Manager Urban, 04) Divisional Consultant (QA), 05) District Manager Account, 06) District Manager - Data, 07) District Manager- Training / HR, 08) District Manager- Hospital, 09) District Consultant- PCPNDT, 10) District Consultant- NTCP, 11) District Microbiologist - IDSP, 12) District Consultant- RMNCH+A, 13) District Epidemiologist-IDSP, 14) Consultant- NVBDCP, 15) Consultant NLEP, 16) Consultant NPPCF, 17) Consultant- NCD, 18) Consultant- Finance and Logistics, 19) District Consultant-Ayushman Bharat (HWC) cum NCD Consultant & 20 ) Programme Associate Engineer के रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाइट www.cghealth.nic.in में **दिनांक 22.11.2024 से 09.12.2024 सायं 05:00 बजे तक** आमंत्रित कर आवश्यक दस्तावेजो की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डॉक/ स्पीड पोस्ट/ कुरियर के माध्यम से कार्यालय मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (छ.ग.), तृतीय तल, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, पिन -492002 (छत्तीसगढ) में कार्यालयीन समय **दिनांक 22.11.2024 से 09.12.2024 सायं 05:00 बजे तक** प्रेषित करेंगें।

विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन हेतु विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in का अवलोकन करें।

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़

S-42141/3

# ईवी बैटरी, चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी दर में हो कटौती : फिक्की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए बैटरी और चार्जिंग सेवाओं पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर को कम करने की जरूरत है। उद्योग मंडल फिक्की की इलेक्ट्रिक वाहन समिति की चेयरपर्सन सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने मंगलवार को यह बात कही। चेयरपर्सन ने यहां ईवी पर फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर बिजलीचालित वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ई-ड्राइव कोष को बढ़ाने की जरूरत पर भी जोर दिया। मोटवानी ने कहा, ''हम ईवी से संबंधित क्षेत्रों पर जीएसटी कराधान को युक्तिसंगत बनाने के लिए जीएसटी परिषद से सिफारिश करेंगे।'' चेयरपर्सन ने कहा कि जीएसटी पर इन दो सुधारों से ईवी को उपभोक्ताओं के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में बहुत मदद मिलेगी। मोटवानी ने प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना का स्वागत करते हुए कहा कि बढ़ती मांग के साथ प्रोत्साहन राशि की समीक्षा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चूंकि मांग बढ़ रही है, इसलिए शायद प्रोत्साहन राशि की समीक्षा की जानी चाहिए। मोटवानी ने आगे कहा, ''हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री ई-ड्राइव में काफी संभावनाएं हैं और यह इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने में काफी मददगार साबित होगी।''

## फिक्की की इलेक्ट्रिक वाहन समिति ने की यह मांग

### चार्जिंग सेवाओं पर 18 फीसदी जीएसटी

मोटवानी ने मांगों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, ''फिलहाल चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी 18 प्रतिशत है, हम इसे घटाकर पांच प्रतिशत करने का अनुरोध करेंगे, ताकि उपभोक्ताओं के लिए चार्जिंग अधिक किफायती हो जाए।'' उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि बैटरी पर भी जीएसटी दर को घटाकर पांच प्रतिशत किया जाना चाहिए।



### ईवी पर पांच फीसदी जीएसटी लगता है

मोटवानी काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस की संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी हैं। उन्होंने कहा, ''ईवी पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि बैटरी पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। इसलिए अनुरोध है कि इसे घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए, ताकि जब उपभोक्ता बैटरी बदले तो यह अधिक किफायती हो।''

### भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 213.14 करोड़ का लगाया जुर्माना

# सीसीआई जुर्माना : मेटा ने फैसले से असहमति जताई, आगे अपील की योजना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने कहा कि वह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के उस पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के फैसले से सहमत नहीं है और इसके खिलाफ अपील करने की योजना बना रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी मेटा पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना 2021 में व्हॉट्सएप की निजता नीति अद्यतन के संबंध में अनुचित व्यावसायिक तरीकों को अपनाने के लिए लगाया गया। इसके अलावा, सीसीआई ने मेटा को प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार को बंद करने और उनसे दूर रहने का निर्देश दिया है।

- जुर्माना अनुचित व्यावसायिक तरीकों को अपनाने के लिए लगाया

**खास बातें**

- सीसीआई ने मेटा को प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार बंद करने का दिया निर्देश



### डेटा संग्रह पर मेटा पारदर्शिता प्रदान करता है

मेटा ने कहा कि यह 'अपडेट' व्हाट्सएप पर वैकल्पिक व्यावसायिक सुविधाओं को शुरू करने के बारे में है। साथ ही यह डेटा संग्रह तथा उपयोग के बारे में और अधिक पारदर्शिता प्रदान करता है। मेटा के प्रवक्ता ने कहा, उस समय से व्हाट्सएप लोगों और व्यवसायों के लिए अविश्वसनीय रूप से मूल्यवान रहा है।

### मेटा को व्यावहारिक उपायों को लागू करने कहा गया

सीसीआई के आदेश के अनुसार, मेटा और व्हाट्सएप को प्रतिस्पर्धा रोधी मुद्दों के समाधान के लिए एक निश्चित समय-सीमा के भीतर कुछ व्यावहारिक उपायों को लागू करने के लिए भी कहा गया है। मेटा के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी सीसीआई के निर्णय से असहमत है और उसके खिलाफ अपील करने की योजना बना रही है।

### अपडेट एक विकल्प के रूप में पेश किया गया

प्रवक्ता ने कहा, ''गौरतलब है कि 2021 के 'अपडेट' ने लोगों के व्यक्तिगत संदेशों की गोपनीयता में कोई बदलाव नहीं किया और इसे उस समय उपयोगकर्ताओं के लिए एक विकल्प के तौर पर पेश किया गया था। हमने यह भी सुनिश्चित किया कि इस 'अपडेट' से कोई भी खाता न हटे (डिलीट न हो) या न व्हाट्सएप सेवा बाधित हो।''

### अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद की

इसने संगठनों तथा सरकारी संस्थानों को कोविड-19 वैश्विक महामारी और उसके बाद भी नागरिक सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाया है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में छोटे व्यवसायों की मदद की है।

### व्हाट्सएप मेटा द्वारा समर्थित सेवाएं प्रदान करता है

प्रवक्ता ने कहा, '' व्हाट्सएप यह सब करने में सक्षम है, क्योंकि यह मेटा द्वारा समर्थित सेवाएं प्रदान करता है। हम आगे बढ़ने का ऐसा रास्ता खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमें लोगों तथा व्यवसायों को वे अनुभव प्रदान करते रहने में सक्षम बनाए जिनकी वे हमसे अपेक्षा करते हैं।''

### विज्ञापन के लिए पांच साल किया प्रतिबंधित

इस बीच, सीसीआई ने व्हाट्सएप को अपने मंच पर एकत्र किए गए डेटा को अन्य मेटा कंपनियों या मेटा कंपनी के उत्पादों के साथ विज्ञापन उद्देश्यों के लिए साझा करने से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नियामक ने कहा कि व्हाट्सएप की नीति में अन्य मेटा कंपनियों या मेटा कंपनी के उत्पादों के साथ साझा किए गए उपयोगकर्ता डेटा का विस्तृत विवरण शामिल होना चाहिए।

# शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 240 अंक की बढ़त के साथ हुआ बंद

एजेंसी ▸▸| मुंबई

मिले-जुले वैश्विक रुख के बीच बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन शेयरों में खरीदारी के चलते मंगलवार को शेयर बाजार में पिछले कई दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स करीब 240 अंक या 0.31 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी करीब 65 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से भी बाजार धारणा को समर्थन मिला। चार दिन की गिरावट के बाद सेंसेक्स 239.37 अंक चढ़कर 77,578.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में रिलायंस इंडस्ट्रीज में आई गिरावट ने बाजार की तेजी को सीमित कर दिया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 1,112.64 अंक बढ़कर 78,451.65 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी भी 64.70 अंक या 0.28 प्रतिशत बढ़कर 23,518.50 अंक पर बंद हुआ। दिन में सूचकांक 300 अंक से अधिक उछलकर 23,780 अंक के स्तर पर पहुंच गया था।

- घरेलू निवेशकों की खरीदारी से बाजार धारणा को मजबूती मिली



### इन शेयरों में रही लाभ-हानि

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड और इन्फोसिस में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति, टाटा स्टील और भारती एयरटेल के शेयर नुकसान में रहे।

### आज बाजार रहेगा बंद

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,403.40 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,330.56 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.94 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.90 प्रतिशत के लाभ में रहा। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के कारण प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई 20 नवंबर को बंद रहेंगे।

## खबर संक्षेप


### कॉरपोरेट इन्फोटेक को मिला ओएनजीसी से ठेका



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) से आईटी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सात साल का ठेका मिला है। सीआईपीएल ने बयान में कहा, '' ओएनजीसी ने कॉरपोरेट इन्फोटेक को 'पे-पर-यूज' मॉडल पर 'ऑन-प्रिमाइसेस आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐज अ सर्विस' (आईएएएस) के लिए 98 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। इसे सितंबर 2031 तक सात साल की अवधि में निष्पादित किया जाएगा।''

### जेप्टो ने प्रमुख शहरों में कैफे सेवा का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** त्वरित वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) मंच जेप्टो ने प्रमुख शहरों में अपनी कैफे सेवा शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य 2026 तक 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करना है। जेप्टो ने बयान में कहा कि वह मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में 120 से अधिक कैफे खोल रही है। जल्द ही इसमें हैदराबाद, चेन्नई और पुणे को जोड़ा जाएगा। जेप्टो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदित पलिचा ने कहा, 'पिछले एक साल में हमारी टीम ने हमारे कैफे के लिए अत्याधुनिक उपकरणों पर सावधानीपूर्वक शोध किया है और उन्हें मंगाया है।'




### एनटीपीसी ने शेयरधारकों को दिया 2,424 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने अपने शेयरधारकों को अंतरिम लाभांश के रूप में 2,424 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। एनटीपीसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने 18 नवंबर को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,424 करोड़ रुपये का पहला अंतरिम लाभांश दिया, जो कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 25 प्रतिशत है। एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने कंपनी के निदेशक मंडल के साथ मिलकर 'सरकार के हिस्से के रूप में 1,238.84 करोड़ रुपये का भुगतान बिजली मंत्री मनोहर लाल, बिजली सचिव पंकज अग्रवाल को सौंपा।'



### दक्षिण अफ्रीका को नई मैग्नाइट का निर्यात शुरू

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने दक्षिण अफ्रीका को अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी मैग्नाइट के नये संस्करण का निर्यात शुरू कर दिया है। कार विनिर्माता ने बयान में कहा कि भारत में पेश होने के एक महीने के भीतर चेन्नई बंदरगाह से इस मॉडल की 2,700 से अधिक इकाइयां भेजी गई हैं। निसान के भारतीय परिचालन के अध्यक्ष फ्रैंक टोरेस ने कहा, ''निसान मैग्नाइट की 2020 में पेशकश के बाद से, हमने दक्षिण अफ्रीकी बाजार में भारत में बनी इस कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए ग्राहकों की शानदार स्वीकृति और मांग देखी है।''



### सात्विक ग्रीन एनर्जी का आईपीओ के लिए आवेदन




**नई दिल्ली।** सौर पैनल बनाने वाली सात्विक ग्रीन एनर्जी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी की आईपीओ से 1,150 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, हरियाणा स्थित कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 850 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तक 300 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे।

# सोने में 600 रुपए की तेजी चांदी 1,500 रुपए मजबूत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये की तेजी के साथ 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि शादी-विवाह के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की खरीदारी बढ़ने से भी सोने की कीमतों में तेजी आई। सोमवार को चांदी 1,500 रुपये उछलकर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसका पिछला बंद भाव 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 600 रुपये बढ़कर 77,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में यह 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 19.50 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,634.10 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। साथ ही रूस-यूक्रेन संघर्ष में परमाणु जोखिमों को लेकर नए सिरे से आशंकाएं पैदा हुई हैं, जिससे सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने की मांग बढ़ी है।''

- वैश्विक बाजारों में मजबूती के कारण बाजार में आई तेजी



### ट्रंप की जीत से सराफा की कीमतों पर पड़ा असर

एशियाई कारोबारी घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा का भाव 0.79 प्रतिशत बढ़कर 31.47 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इस वर्ष सोने में जोरदार तेजी आई और इसने कई रिकॉर्ड बनाए, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद डॉलर के मजबूत होने के कारण सराफा कीमतों पर असर पड़ा है।

# एसोचैम ने एकल टीडीएस पर कर कटौती दर की वकालत की

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल एसोचैम ने निवासी करदाताओं को किए जाने वाले सभी भुगतान के लिए एक प्रतिशत या दो प्रतिशत की एकल स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) दर की वकालत की है। एसोचैम का कहना है कि व्याख्या संबंधी मुद्दों पर मुकदमेबाजी से बचने और कर अनुपालन में सुगमता सुनिश्चित करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। वित्त मंत्रालय को बजट पूर्व ज्ञापन में उद्योग मंडल ने कुछ टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) चूक को अपराधमुक्त करने की बात भी की। एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा कि आपराधिक कार्यवाही केवल तभी होनी चाहिए, जब करदाता ने सरकार की कीमत पर खुद को फायदा पहुंचाया हो, न कि उन मामलों में जहां कुछ भुगतान टीडीएस लागू किए बिना किए गए हों। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि मुकदमेबाजी को कम करने, आसान और बेहतर अनुपालन के लिए कर सुधार 2025-26 के आम बजट का हिस्सा होंगे। कॉरपोरेट भारत इस संबंध में कुछ रचनात्मक सिफारिशें दे रहा है।




# बोइंग ने अभी तक की 2200 कर्मचारियों की छंटनी

एजेंसी ▸▸| सिएटल

बोइंग ने वाशिंगटन के रोजगार सुरक्षा विभाग को भेजे नोटिस में बताया कि उसने राज्य में अभी तक 2,199 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इस कटौती के साथ ही कंपनी से निकाले गए कर्मचारियों की संख्या 17,000 हो गई है। एयरोस्पेस क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी ने अक्टूबर में घोषणा की थी कि वह आने वाले महीनों में अपने कार्यबल में करीब 10 प्रतिशत की कटौती करने की योजना बना रही है। वह वित्तीय और नियामकीय परेशानियों के साथ-साथ अपने कर्मचारियों (मशीनिस्ट) की करीब दो महीने तक जारी रही हड़ताल से उबरने के लिए संघर्ष कर रही है। पिछले सप्ताह छंटनी नोटिस जारी होने से पहले वाशिंगटन में बोइंग के 66,000 कर्मचारी थे। अभी तक की छंटनी में पिछले सप्ताह बोइंग के पेशेवर एयरोस्पेस श्रमिक संघ, सोसाइटी ऑफ प्रोफेशनल इंजीनियरिंग एम्प्लॉइज इन एयरोस्पेस या एसपीईईए के 400 से अधिक सदस्य शामिल हैं। ये कर्मचारी हालांकि जनवरी के मध्य तक काम करेंगे। हड़ताल के बाद बोइंग के श्रम संघ से जुड़े कर्मचारी इस महीने की शुरुआत में काम पर लौटने लगे। इस हड़ताल का बोइंग की वित्तीय स्थिति पर असर पड़ा।

- रोजगार सुरक्षा विभाग को भेजे नोटिस में बताया गया





### छंटनी की वजह हड़ताल नहीं

हालांकि मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केली ऑर्टबर्ग ने विश्लेषकों के साथ अक्टूबर में बातचीत में कहा था कि छंटनी की वजह हड़ताल नहीं बल्कि यह आवश्यकता से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति का परिणाम है।

# रामराज कॉटन के 'ब्रांड एम्बैसडर' बने अभिषेक

चेन्नई। पारंपरिक परिधान ब्रांड रामराज कॉटन ने बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन को अपना 'ब्रांड एम्बैसडर' बनाया है। कंपनी जल्द ही एक मल्टीमीडिया अभियान भी शुरू करेगी। उसका लक्ष्य पारंपरिक परिधान क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है। रामराज कॉटन ने मंगलवार को बयान में कहा, कंपनी जल्द ही अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ '360 डिग्री अभियान' शुरू करने की योजना बना रही है। रामराज कॉटन के संस्थापक एवं चेयरमैन के. आर. नागराजन ने कहा, '' हम अभिषेक बच्चन का रामराज परिवार में स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। प्रामाणिकता के लिए उनकी प्रतिष्ठा और देशभर के दर्शकों के साथ उनका जुड़ाव उन्हें हमारे ब्रांड के लिए उन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। अभिषेक के साथ मिलाकर हमारा लक्ष्य भारतीय विरासत को दर्शकों के दिलों के और करीब लाना है।




### सरकार बाजार नियामक द्वारा अनिवार्य पब्लिक शेयरहोल्डिंग नॉर्म्स का पालन करेगी

# चार सरकारी बैंकों में हिस्सेदारी बेचने की सरकार की योजना

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मोदी सरकार देश के बाजार नियामक द्वारा अनिवार्य पब्लिक शेयरहोल्डिंग नॉर्म्स का अनुपालन करने के लिए चार सरकारी बैंकों में अल्पमत हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। यह जानकारी एक सरकारी सूत्र के हवाले से दी गई है। सूत्र ने कहा कि वित्त मंत्रालय आने वाले महीनों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक में हिस्सेदारी कम करने के लिए मोदी कैबिनेट की मंजूरी मांग सकता है। इस खबर के बाद पीएसयू बैंकों, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के शेयरों में 4 फीसदी से अधिक की तेजी आई।

- चार सरकारी बैंकों में अल्पमत हिस्सेदारी बेचने पर विचार



### बैंकों के शेयरों में उछाल

इंडियन ओवरसीज बैंक के शेयर की कीमत में 4.4 फीसदी तक की उछाल आई, जबकि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के शेयरों में 3 फीसदी से अधिक की तेजी आई।

### किस बैंक में सरकार की कितनी हिस्सेदारी

बीएसई की वेबसाइट पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक सितंबर के अंत तक भारत सरकार के पास सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी थी। इंडियन ओवरसीज बैंक में 96.4 फीसदी, यूको बैंक में 95.4 फीसदी और पंजाब एंड सिंध बैंक में 98.3 फीसदी हिस्सेदारी सरकार की थी।

### अगस्त 2026 तक मानदंड पूर्ण करने से छूट

सूत्र ने कहा कि विचाराधीन योजना खुले बाजार में बिक्री के प्रस्ताव (ओएफएस) के जरिए हिस्सेदारी बेचने की है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के तहत सूचीबद्ध कंपनियों के लिए 25 फीसदी सार्वजनिक शेयरधारिता बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन उसने सरकारी स्वामित्व वाली फर्मों को अगस्त 2026 तक इन मानदंडों को पूरा करने से छूट दी है।

### बिक्री का समय व मात्रा बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर

अधिकारी ने कहा, सरकार नियामक की समय सीमा को पूरा कर पाएगी या क्या वह आगे विस्तार की मांग करेगी। अधिकारी ने कहा कि बिक्री का समय और मात्रा बाजार की स्थितियों के आधार पर तय की जाएगी। पहले भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पूंजी जुटाने के लिए क्यूआईपी शुरू किया है, जिससे सरकारी बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी कम हो गई है।

## बिजनेस साइट

# सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस पर बीएमसी का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान




**रायपुर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में आयोजित सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन दिवस के अवसर पर, बालको मेडिकल सेंटर ने गुरुकुल गर्ल्स कॉलेज, कालीबाड़ी, रायपुर में कर्मचारियों और जनता के लिए एक निशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही की स्वास्थ्य चर्चा से हुई, जिसमें उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती लक्षणों, एचपीवी वैक्सीन के महत्व और नियमित स्वास्थ्य जांच की भूमिका पर विस्तार से बात की।

डॉ. सिरोही ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर का उन्मूलन एक वैश्विक प्राथमिकता बन चुका है। डब्ल्यूएचओ का 2030 तक 90:70:90 का लक्ष्य है, जिसके तहत 90% लड़कियों को एचपीवी के खिलाफ टीका लगाना, 70% महिलाओं की उच्च गुणवत्ता वाले परीक्षण से जांच करना और 90% महिलाओं को उपचार उपलब्ध कराना शामिल है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम सभी को जागरूकता फैलाने में सक्रिय रूप से योगदान देना होगा।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में पुजारा को मिली खास जिम्मेदारी, नई भूमिका में आएंगे नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीम इंडिया के दमदार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा एक नई भूमिका में नजर आ सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। यह मुकाबला 22 नवंबर से आयोजित होगा। पुजारा इस मुकाबले के दौरान कमेंट्री बॉक्स में नजर आ सकते हैं। हालांकि इसको लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी है। पुजारा टीम इंडिया के लिए 103 टेस्ट मैच खेल चुके हैं।



## पुजारा एक साल से बाहर हैं टीम इंडिया से

पुजारा ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही खेला था। वे जून 2023 के बाद से टीम इंडिया में वापसी नहीं कर सके। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुजारा स्टार स्पोर्ट्स के लिए हिंदी कमेंट्री कर सकते हैं। पुजारा भारत के अनुभवी बल्लेबाज रहे हैं. उनका टेस्ट में अच्छा रिकॉर्ड रहा है।

## ऐसा रहा है टेस्ट करियर

पुजारा ने टीम इंडिया के लिए 2010 में डेब्यू मैच खेला था। उन्होंने आखिरी मैच 2023 में खेला था। पुजारा अभी तक टीम इंडिया के लिए 103 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 7195 रन बनाए हैं। वे भारत के लिए दोहरा शतक भी लगा चुके हैं। पुजारा ने टेस्ट में 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 206 रन रहा है। अब पुजारा क्रिकेट के बाद कमेंट्री करते हुए भी दिख सकते हैं।

## बुमराह को ट्रेविस हेड ने कहा 'एक्स फैक्टर'

**पर्थ।** भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई क्रिकेट जगत में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर चर्चायें शुरू हो गई है जिन्हें आस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 'एक्स फैक्टर' कहा तो पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि बिल्ली की तरह दबे पांव आकर कमाल कर जाता है। बुमराह शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारत की कप्तानी करेंगे। आस्ट्रेलिया के मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने श्रृंखला से पहले उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार सत्तर के दशक में वेस्टइंडीज तेज आक्रमण के स्वर्णिम दौर के बाद पहली बार किसी तेज गेंदबाज ने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को




भयाक्रांत कर दिया है। हेड ने कहा कि बड़े मैचों में आपको बड़े खिलाड़ी चाहिये और वह सबसे बड़ा है वह बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बनने वाला है।

### ब्रेटली बोले- बिल्ली की तरह दबे पांव आता है

ब्रेट ली ने मजाकिया अंदाज में कहा वह बिल्ली की तरह दबे पांव आता है और शिकार कर लेता है। बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा जब मैने पहली बार बुमराह का सामना किया तो मुझे लगा कि अरे यह अचानक कहां से आ गया। उसके एक्शन और गेंद छोड़ने के तरीके की वजह से वह थोड़ा जल्दी आता है। मिचेल जॉनसन की तरह। स्टीव स्मिथ ने कहा ,'' उसका एक्शन थोड़ा अलग है । उसकी आदत बनाने में समय लगता है । हमने उसके खिलाफ इतना खेल लिया है लेकिन अभी भी उसके सामने लय पकड़ने में समय लगता है।

## खबर संक्षेप



### शाहिद असलम पाक टीम के बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**कराची।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के हाल में संपन्न दौरे में खिलाड़ियों के संघर्ष करने के बाद शाहिद असलम को एक बार फिर सीमित ओवरों की राष्ट्रीय टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। असलम पहले भी सहायक कोच, क्षेत्ररक्षण कोच और सहायक मैनेजर के रूप में पाकिस्तान टीम के साथ कई साल तक काम कर चुके हैं। वह पिछले दो साल से लाहौर में हाई परफोर्मेंस सेंटर में कोच की भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान मोहम्मद यूसुफ राष्ट्रीय टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम कर रहे थे लेकिन फिर उन्हें राष्ट्रीय चयनकर्ता बना दिया गया। यूसुफ ने हालांकि बाद में चयनकर्ता और बल्लेबाजी कोच का पद छोड़ दिया।

### विराट के लिए सम्मान है वह चैम्पियन हैं : लियोन



**पर्थ।** विराट कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं लेकिन आस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन उनका काफी सम्मान करते हैं और उनका कहना है कि वह ऐसे चैम्पियन हैं जिन्हें कभी नकारा नहीं जा सकता। कोहली ने पिछले कुछ महीने में बड़ी पारी नहीं खेली है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा उसका संपूर्ण रिकॉर्ड देखिये। आप चैम्पियंस को नकार नहीं सकते। मेरे मन में उनके लिये अपार सम्मान है।'' उन्होंने कहा मैं उन्हें आउट करना चाहता हूं लेकिन यह चुनौतीपूर्ण होगा। इतनी बार उनके खिलाफ खेलना अद्भुत रहा है। भारतीय टीम हमेशा खतरनाक लियोन ने कहा भारतीय टीम हमेशा खतरनाक रहती है । उसके पास कई सुपरस्टार हैं। उनके पास अपार अनुभव है और टीम में कई प्रतिभाशाली युवा भी है। इस टीम को कभी कमतर नहीं आंका जा सकता।

### लेम्के, विलियम्स ने हिमालयन 100 मील चरण रेस जीती




**नई दिल्ली।** शीर्ष अल्ट्रा रनर जर्मनी के क्रिस लेम्के और ब्रिटेन की एलिस विलियम्स ने बंगाल के दार्जिलिंग जिले में हुई हिमालयन 100 मील चरण रेस में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। लेम्के ने 17 घंटे 39 मिनट के समय के साथ दौड़ जीती जबकि फ्रांस के मैक्सिम गैब्रियु (20 घंटे 27 मिनट) दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के मरे फ्रेजर (22 घंटे छह मिनट) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के वर्ग में एलिस ने 21 घंटे 30 मिनट के समय से शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टेफनी बेनक्रॉफ्ट ने दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और भारत सहित कई अन्य देशों के खिलाड़ी इस वार्षिक प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

## महिला क्रिकेट : ऑस्ट्रेलिया में 5 दिसंबर से शुरू होगी वनडे सीरीज

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुईं शैफाली, हरलीन-ऋचा शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। अगले माह 5 दिसंबर से शुरू होने वाले 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम घोषित की है।

शैफाली वर्मा को इस सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। उनके साथ-साथ श्रेयंका पाटिल भी टीम में अपनी जगह नहीं बना सकी हैं। सीरीज के पहले 2 वनडे मैच क्रमशः 5 और 8 दिसंबर को ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले जाएंगे, जिसके बाद सीरीज का आखिरी मैच पर्थ के वाका ग्राउंड में 11 दिसंबर को खेला जाएगा।

### शैफाली जूझ रहीं खराब फॉर्म से

शफाली ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ अपनी पिछली वनडे सीरीज में बल्ले से निराश किया था। उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 56 रन बनाए थे। उनके स्कोर क्रमशः 33, 11 और 12 रन रहे थे। इस साल शफाली ने कुल 6 वनडे खेले, जिसमें 108 रन बनाए थे।




### ऐसी है भारतीय टीम

**वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकोर।

### हरलीन और ऋचा की हुई वापसी

इस बीच, ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय दल में हरलीन की वापसी होगी, जिन्होंने दिसंबर 2023 में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेला था। देओल को गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह इस साल वीमन प्रीमियर लीग में सिर्फ 3 मैचों में ही खेल पाईं थी। इसके साथ-साथ ऋचा घोष ने टीम में वापसी की है, जो अपनी ग्रेड 12 की बोर्ड परीक्षाओं के कारण न्यूजीलैंड श्रृंखला से चूक गई थीं।

### शोभना और वस्त्रकार का भी नहीं हुआ चयन

लेग स्पिनर आशा शोभना और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार भी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं चुनी गई हैं। ये दोनों खिलाड़ी टी-20 विश्व कप के दौरान चोटिल हो गई थी। चयनकर्ताओं ने मिन्नू मनी को भी वनडे टीम में पहली बार शामिल किया है, जबकि तेज गेंदबाज तीतास साधु को भी टीम में जगह मिली है। 20 वर्षीय साधु पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में वनडे टीम की सदस्य नहीं थीं।

## नेपाल प्रीमियर लीग

# एनपीएल में धवन सहित कई विदेशी खिलाड़ी आएंगे नजर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज शिखर धवन अब नेपाल में टी-20 लीग में खेलते हुए नजर आएंगे। दरअसल, वह नेपाल प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण में कर्णाली याक्स की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह टूर्नामेंट नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें जेम्स नीशम, मार्टिन गुप्टिल, उन्मुक्त चंद और बेन कटिंग जैसे कुछ विदेशी सितारे भी भाग लेंगे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

### 30 नवंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

धवन की टीम याक्स ने पहले ही पाकिस्तान के मोहम्मद हुसैन तलत, हांगकांग के बाबर हयात और वेस्टइंडीज के चैडविक वाल्टन को अपने साथ जोड़ लिया है। एनपीएल के पहले संस्करण की शुरुआत 30 नवंबर से हो जाएगी और इसका फाइनल मुकाबला 21 दिसंबर को होगा। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। बता दें कि एनपीएल 2024 के सभी मैच नेपाल के कीर्तिपुर में त्रिभुवन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे।

### लीजेंड्स लीग में खेले थे धवन

धवन ने इसी साल अगस्त में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद वह लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेले थे। धवन ने उस टी-20 में 6 मैच खेले, जिसमें 143 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतकीय पारी खेली थी। उन्होंने उस टी-20 लीग में 15 चौके और 4 छक्के लगाए थे।

## चैंपियंस ट्रॉफी

# आईसीसी कर रही ऐसे प्लान पर काम, दोनों को हो फायदा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आमने-सामने है। बीसीसीआई पहले ही इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को पाकिस्तान नहीं जाने की बात कह चुका है। दूसरी तरफ पीसीबी इस टूर्नामेंट को पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित करने की जिद पर अड़ा हुआ है। इस बीच खबर है कि आईसीसी ने पीसीबी को 'हाइब्रिड मॉडल' पर सहमति जताने का आग्रह किया है।

### भारत के बिना आयोजन संभव नहीं : आईसीसीआई

रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी अब पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहा है कि टूर्नामेंट के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' ही सबसे अच्छा तरीका है और भारत के बिना इस टूर्नामेंट का आयोजन सम्भव नहीं हो पाएगा। खबरों के अनुसार, आईसीसी पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ बयानबाजी से खुश नहीं है। उसने पीसीबी से ऐसा बंद करने को कहा है।

### हाइब्रिड मॉडल के पक्ष पर असहमत है पीसीबी

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाल ही में इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के पक्ष में नहीं है। नकवी ने कहा चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई करने वाली अन्य टीमें पाकिस्तान आने के लिए तैयार हैं। किसी को चिंता नहीं है। अगर भारतीय टीम को किसी तरह की चिंता है तो हम बात करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी परेशानी दूर हों।

### बीसीसीआई-पीसीबी से चर्चा कर रहा आईसीसी

*आईसीसी पीसीबी और बीसीसीआई के साथ मिलकर बातचीत कर रही है। आईसीसी एक ऐसा फैसला करने वाली है जिससे किसी भी देश के सम्मान को ठेस न पहुंचे। आईसीसी ने पीसीबी के सामने हाइब्रिड मॉडल की पेशकश की है। जिससे टीम इंडिया के सभी मैच यूएई में हो सके, जबकि बाकी सभी टीमों के मैच पाकिस्तान में ही होंगे। इससे पाकिस्तान की मेजबानी को भी कोई खतरा नहीं होगा।*

## महिला एसीटी : आखिरी क्वार्टर में दो गोल, जापान को हराकर भारत फाइनल में

एजेंसी ▶▶| राजगीर

पहले तीन क्वार्टर में दर्जन भर से अधिक पेनल्टी कॉर्नर गंवाने के बाद भारत ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल करके जापान को 2-0 से हराकर मंगलवार को महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका सामना चीन से होगा। पहले तीन क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद 48वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी स्ट्रोक पर भारत का खाता खोला जबकि 56वें मिनट में लालरेम्सियामी ने सुनेलिटा टोप्पो के बेहतरीन पास पर दूसरा गोल किया। उधर दूसरे सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने मलेशिया को 3-1 से हराया।



**जापान पर शुरू से बनाकर रखा दबाव :** भारत ने आक्रामक शुरूआत करते हुए पहले कुछ मिनटों में ही मौके बनाये। मैच में पहले दो क्वार्टर में भारतीय टीम को नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले और 13 बार टीम जापानी सर्कल में भी घुसी लेकिन गोल नहीं हो सका। गेंद पर नियंत्रण के मामले में भी भारतीय टीम आगे रही लेकिन फिनिशिंग तक ले जा पाने में असफल रही।

### चौथे क्वार्टर का गेम रहा रोमांचक

आखिरी ग्रुप मैच में जापान को 3-0 से हराने वाली भारतीय टीम 48वें मिनट तक गोल के लिये तरसती रही। भारत को पूरे मैच में 16 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। चौथे क्वार्टर के दूसरे मिनट में दीपिका को जापानी डिफेंडर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे नवनीत ने आसानी से गोल में बदला। आखिरी सीटी बजने से पांच मिनट पहले सुनेलिटा से दाहिने फ्लैंक से मिले सटीक पास को गोल में बदल दिया। इस गोल ने बिहार खेल परिसर स्टेडियम में भारी तादाद में जमा दर्शकों में उत्साह का संचार कर दिया। जापान को मैच का एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर 59वें मिनट में मिला जिसे भारतीय गोलकीपर बिछू देवी ने गोल में नहीं बदलने दिया।

### श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच 27 नवंबर से टेस्ट सीरीज शुरू होनी है। विश्व टेस्ट चैम्पियशिप 2023-25 के अंतर्गत होने वाली 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में कप्तान तेम्बा बावुमा की वापसी हुई है। वह चोट के बाद टीम में वापस लौटे हैं। उनके साथ-साथ कगिसो रबाडा का भी चयन हुआ है। भारत के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज से उन्हें आराम दिया गया था। श्रीलंका-दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज का पहला टेस्ट 27 नवंबर से डरबन में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा और आखिरी टेस्ट सेंट जॉर्ज पार्क में 5 दिसंबर से खेला जाना है।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंगहैम, गेराल्ड कोएत्जी, टोनी डी जोरजी, मार्को येंसन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और काइल वेरिन।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992 ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | सुपेला शाखा भिलाई 9752410771 | मेसर्स आशा इंडस्ट्रीज प्रोप. श्री हर्ष नागदेव प्लाट नं.-108, इंजीनियरिंग पार्क, हथखोज हैवी इंडस्ट्रियल एरिया, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)<br>श्री हर्ष नागदेव पिता श्री प्रदीप कुमार नागदेव प्लाट नं.- 53, कैलाश नगर, कुरुद, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल इंडस्ट्रियल परिवर्तित भूमि (सीएसआईडीसी लीज होल्ड) एवं भवन स्थित प्लाट नं.-108,(खसरा नं. 411/1 के अंतर्गत ) इंजीनियरिंग पार्क, हैवी इंडस्ट्रियल एरिया हथखोज, भिलाई , जिला - दुर्ग ( छ.ग. ) , क्षेत्रफल - 1867 वर्गमीटर हैं जो पट्टे धारक मेसर्स आशा इंडस्ट्रीज के प्रोप. श्री हर्ष नागदेव पिता श्री प्रदीप नागदेव के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर-रोड 50 फीट चौड़ी, दक्षिण- प्लाट नं. 112, पूर्व- प्लाट नं. 109, पश्चिम- प्लाट नं. 107.<br>2. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल आवासीय मकान स्थित प्लाट नं. - 53, खसरा नं. - 1574/26, कुल क्षेत्रफल - 2400 वर्गफीट, मौजा कुरुद, कैलाश नगर के अंदर का भाग , प.ह.नं. - 14/19 , वार्ड नं. - 16 , एनपीएन भिलाई आरआईसी एवं तहसील - दुर्ग (छ.ग.) हैं जो श्रीमती आशा नागदेव पति श्री प्रदीप कुमार नागदेव के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- प्लाट नं. 52, दक्षिण - 30 फीट मुर्मी रोड, पूर्व - 10 फीट सर्विस लेन, पश्चिम- 30 फीट मुर्मी रोड.<br>3. संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल प्लाट नं. - 19, खसरा नं.- 547/14 ( खसरा नं. 547/8 का भाग ) कुल क्षेत्रफल - 1540 वर्गफीट, मौजा कुरुद, कुरुद रोड से नाला कुरुद बस्ती के अंदर का भाग, प.ह.नं.- 14/19, वार्ड नं.- 16 , भिलाई आरआईसी एवं तहसील - दुर्ग (छ.ग.) हैं जो श्रीमती आशा नागदेव पति श्री प्रदीप नागदेव के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- रोड, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि प्लाट नं. 20, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि प्लाट नं. 18, पश्चिम- रोड. | 03.09.2024<br>रु. 90,90,737.12<br>+ ब्याज<br>+ अन्य प्रभार<br>14.11.2024<br>सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.
दिनांक:20.11.2024, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा




# ‘यमलोक’ तक ले जाती हैं ये सीढ़ियां! एक झटके में चली जाएगी जान

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

क्या आपको कभी सीढ़ियों से डर लगा है? आज के समय में जब ज्यादातर बिल्डिंग में सीढ़ियां होती है, लोगों की लाइफ का एक बड़ा हिस्सा इन्हें चढ़ने और उतरने में बीत जाता है। हालांकि, सीढ़ी कैसी भी हो, इस पर सावधानी बरतनी काफी जरूरी है। जरा सी लापरवाही से भी सीढ़ियां जानलेवा बन जाती हैं। कई बार हादसे हो जाते हैं और ये सीढ़ी किसी के लिए यमराज तक जाने का बहाना बन जाती है। लेकिन, इन दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसी सीढ़ी की तस्वीर वायरल हो रही है, जिसे देखने मात्र से आपको डर का अनुभव होने लगेगा। जी हां, इन सीढ़ियों को कई लोगों ने मौत की सीढ़ी नाम दिया है।



### हर साल होती हैं इतनी मौतें

अमेरिकन जर्नल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल करीब दस लाख लोगों की मौत सीढ़ियों से गिरकर हो जाती है। इस वजह से इनका इस्तेमाल काफी सावधानी से करना चाहिए। दुनिया में ऐसी कई इमारतें हैं या ऐसे टूरिस्ट स्पॉट्स हैं, जिसकी सीढ़ियां काफी खतरनाक हैं।

### आए ऐसे कमेंट्स

सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों ने लोगों के होश उड़ा दिए। इसमें से कुछ सीढ़ियां तो इतनी कन्फ्यूजिंग हैं कि इसमें एक-एक कदम सोच-समझकर उठाना बेहद जरूरी है। अगर थोड़ी भी लापरवाही हुई तो जान जा सकती है। कई लोगों ने लिखा कि ये सीढ़ियां आपको सीधे यमलोक तक ले जाती हैं। वहीं, एक यूजर ने लिखा कि ये सीढ़ियां असल में आपको आपके पूर्वजों तक ले जाने का आसान जरिया है।

# कीलों पर खड़े होकर किया योग

## 7वीं क्लास की जेरिदिशा ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

*तमिलनाडु। नमक्कल जिले के एसआरवी पब्लिक स्कूल में आयोजित नोबल वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्यक्रम में सातवीं कक्षा की छात्रा जेरिदिशा ने इतिहास रच दिया। उन्होंने लोहे की कीलों पर बैठकर मात्र 20 मिनट में 50 योगासन कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह प्रदर्शन न केवल उनकी मेहनत का परिणाम था, बल्कि उनकी अद्वितीय योग क्षमता और आत्मविश्वास का भी प्रतीक था।*

### 50 योगासन कर दिखाया अद्भुत प्रदर्शन

कार्यक्रम में नोबेल वर्ल्ड रिकॉर्ड की निदेशक हेमलता और एसआरवी ग्रुप के सचिव मनोकरण की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। जेरिदिशा ने पद्मासन, योग मुद्रा, परवा दसना, वज्रासन और चक्रासन जैसे कठिन योगासन आसानी से करते हुए अपना कौशल दिखाया। उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें नोबेल वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने उनके इस कारनामे पर गर्व जताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### योग से जुड़ी नई पीढ़ी



जेरिदिशा के इस कारनामे ने योग के महत्व को भी उजागर किया है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। उनकी उपलब्धि से यह उम्मीद की जा रही है कि नई पीढ़ी योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएगी।

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए उठाई आवाज

जेरिदिशा ने कहा कि इस बार उन्होंने लोहे की कीलों पर बैठकर 50 योगासन किए, लेकिन उनका उद्देश्य केवल रिकॉर्ड बनाना नहीं है। उनका असली उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर जागरुकता फैलाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आगे भी समाजहित में कार्य करती रहेंगी।

### समाज के लिए प्रेरणा बनीं जेरिदिशा

अपनी इस उपलब्धि पर जेरिदिशा ने कहा, ‘मेरी सफलता का मुख्य कारण मेरे माता-पिता हैं। उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया और मुझे प्रोत्साहित किया।’ जेरिदिशा ने इससे पहले भी महिला यौन हिंसा और सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए नारियल पर बैठकर योगासन कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

# दुनिया में सबसे बड़ा एयरपोर्ट है ‘किंग फहद इंटरनेशनल’



**मुंबई।** किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट सऊदी अरब के दम्माम में मौजूद है। ये एयरपोर्ट 776 स्क्वेयर किलोमीटर है। वहीं, मुंबई का क्षेत्रफल 603.4 स्क्वायर किलोमीटर है। इस लिहाज से ये एयरपोर्ट मुंबई शहर से भी बड़ा है। किंग फहद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम किंग फहद बिन अब्दुलअजीज अल साउदी के नाम पर पड़ा है जो सऊदी अरब के पूर्व राजा थे। ये एयरपोर्ट 1999 में शुरू हुआ था। कुछ न्यूज रिपोर्ट्स के अनुसार हर साल इस एयरपोर्ट पर करीब 2 करोड़ लोग आते हैं। यात्रियों के हिसाब से ये एयरपोर्ट दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है।

### एयरपोर्ट पर दो पैरलल रनवे

ये एयरपोर्ट हर साल 1 लाख 25 हजार टन कार्गो हैंडल करता है। इस एयरपोर्ट में एक मस्जिद भी है, जिसमें करीब 2 हजार लोग आ सकते हैं। एयरपोर्ट पर दो पैरलल रनवे हैं जिनकी लंबाई 4 हजार मीटर और चौड़ाई 60 मीटर तक है। इस रनवे में दो बड़े प्लेन, एयरबस ए340-600 और बोइंग 747-400 तक आ सकते हैं।







# जुनून हो तो ऐसा...

## मूंछ डांस के लिए इस शख्स ने तुड़वाए अपने सारे दांत

**प्रयागराज।** हर व्यक्ति में एक खास हुनर छिपा होता है, जिसे पहचानकर दुनिया में अलग पहचान बनाई जा सकती है। प्रयागराज के राजेंद्र तिवारी उर्फ ‘दुकान जी’इसी विलक्षण प्रतिभा का एक बेहतरीन उदाहरण हैं। उन्होंने अपने अनोखे ‘मूंछ नृत्य’ से देश-विदेश में नाम कमाया है। यह कला इतनी अनूठी है कि उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है। दुकान जी भारत के इकलौते मूंछ नृत्य कलाकार हैं। इस अनोखे नृत्य में वह अपने चेहरे की मांसपेशियों का इस्तेमाल कर मूंछों पर रखी मोमबत्तियों को संगीत के साथ हिलाते हैं। खास बात यह है कि इस नृत्य के दौरान उनकी पूरी शरीर स्थिर रहती है।



### 50 से ज्यादा सम्मान

दुकान जी अब तक 50 से ज्यादा सम्मान प्राप्त कर चुके हैं और सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने मूंछ नृत्य से लोगों का दिल जीत चुके हैं। उन्हें कई टीवी धारावाहिकों में भी अभिनय करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि यह कला एक ऐसी पहचान है जिसे वह आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना चाहते हैं।

### दुकान जी की कहानी एक प्रेरणा

दुकान जी का कहना है कि हर व्यक्ति में कोई न कोई खासियत होती है, जिसे पहचानकर मेहनत के साथ आगे बढ़ाया जा सकता है। उनकी कहानी न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह बताती है कि अगर जुनून और समर्पण हो, तो असंभव भी संभव हो सकता है। राजेंद्र तिवारी ‘दुकान जी’ का मूंछ नृत्य भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और अद्वितीय कलाओं का एक शानदार उदाहरण है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com